www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 212 । भोपाल, मंगलवार 1 अगस्त 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

समस्याओं को लेकर कॉलेज में तालाबंदी करने पहुंचे छात्र — पृष्ठ 2
▪ मणिपुर खुद जल नहीं रहा है, जलाया जा रहा है!
▪ मोदी सरकार का असली इरादा है कांग्रेस पर नकेल कसना — पृष्ठ 4
▪ गेट फांदकर सीएम राइज स्कूल में अभाविप कार्यकर्ताओं ने दिया धरना — पृष्ठ 6
प्रदेश में बनेगा उद्यानिकी फसलों के लिए मार्केटिंग बोर्ड — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### कांग्रेस ने सुरजेवाला को बनाया मप्र का वरिष्ठ पर्यवेक्षक



**नई दिल्ली/भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के तेज तर्रार नेता एवं वरिष्ठ सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला को वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया है। उनके साथ चंद्रकांत हंडोरे को मध्यप्रदेश का पर्यवेक्षक मनोनीत किया गया है।

साथ ही राजस्थान का वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक पार्टी के वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री को नियुक्त किया गया है, शशिकांत सेंथिल को उनके साथ पर्यवेक्षक बनाया गया है। जबकि उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रीतम सिंह को छत्तीसगढ़ का वरिष्ठ पर्यवेक्षक तैनात किया है, मीनाक्षी नटराजन छत्तीसगढ़ की पर्यवेक्षक बनाई गईं हैं। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री दीपा दासमुंशी को तेलंगाना के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है, साथ में सिरिवेल्ला प्रसाद को पर्यवेक्षक बनाया गया है। इनके अलावा सचिन राव को मिजोरम के लिए पर्यवेक्षक नियुक्ति किया गया है।

### लालू परिवार की संपत्ति कुर्क

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय ने कथित 'जमीन के बदले रेलवे में नौकरी' घोटाले से जुड़े धनशोधन के आरोपों की जांच के तहत कुछ संपत्तियां कुर्क की हैं। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने संपत्तियों को कुर्क करने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया है। कुर्क की गयी संपत्तियों की संख्या और उनकी कीमत के बारे में जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ईडी ने इस मामले में बीते कुछ महीनों में प्रसाद की पत्नी एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी समेत उनके बच्चों– बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, राजद से राज्यसभा की सदस्य मीसा भारती, चंदा देवी और रागिनी यादव के बयान दर्ज किए हैं। कथित घोटाला उस समय का है जब लालू प्रसाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पहली सरकार में रेल मंत्री थे। ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2004–09 की अवधि में भारतीय रेलवे के विभिन्न क्षेत्रों में कई लोगों को ग्रुप–डी के पदों पर नियुक्त किया गया, जिसके बदले उनसे लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों के नाम उनकी जमीन हस्तांतरित कराई गई।

### हैदराबाद के आखिरी निज़ाम के पोते शहामत जाह का निधन

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद राज्य के आखिरी निज़ाम मीर उस्मान अली खान के पोते प्रिंस शहामत जाह का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे। उन्होंने हैदराबाद के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। उन्हें सोमवार तड़के मस्जिद–ए–जूदी, किंग कोठी से सटे कब्रिस्तान में दफनाया गया, जहां उनके दादा को दफनाया गया था। शहामत जाह का जन्म मीर शुजात अली खान मोअज्जम जाह बहादुर और अनवरी बेगम से हुआ था।

कक्षा के अंदर दिल दहला देने वाली वारदात

### 10वीं के छात्र ने साथी का गला काटा

**कानपुर, एजेंसी।** कानपुर के न्यू आजाद नगर स्थित प्रयाग इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के छात्र ने अपने सहपाठी की चाकू मारकर हत्या कर दी. दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था. इसी रंजिश में बदला लेने के इरादे से चाकू लेकर छात्र स्कूल पहुंच गया और विवाद के बाद उसने अपने साथी की धारदार हथियार से हत्या कर दी।

बिधूना थाना पुलिस के मुताबिक, प्रयाग इंटर कॉलेज के हाईस्कूल सेक्शन–ए में पढ़ने वाले छात्र नीलेश तिवारी (15) का दो दिन पहले सहपाठी राजवीर यादव से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था. इसके जवाब में राजवीर यादव सोमवार को अपने बैग में चाकू छिपाकर स्कूल पहुंच गया. किसी बात को लेकर सोमवार सुबह दोनों के बीच फिर झगड़ा हुआ और राजवीर यादव ने चाकू से नीलेश के पेट और गर्दन पर कई वार कर दिए. यह देख क्लास में चीख–पुकार मच गई और वहां मौजूद छात्रों में हड़कंप मच गया. जब तब टीचर पहुंचे तब तक नीलेश तिवारी खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़ा था. पुलिस ने घायल छात्र को अस्पताल भेजा, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. पुलिस का कहना है कि आरोपी और पीड़ित एक साथ 10वीं क्लास में पढ़ते हैं। आरोपी को पकड़ लिया गया है और उससे हत्या की वजह को लेकर पूछताछ जारी है।

मणिपुर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा-

# पुलिस को मामला दर्ज करने में 14 दिन क्यों लगे

### प्रधान न्यायाधीश ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने मजबूत प्रक्रिया बनाने के दिए निर्देश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर वायरल वीडियो मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में फिर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वीडियो के सामने आने के बाद यह मामला सामने आया, लेकिन यह एकमात्र घटना नहीं है, जहां महिलाओं के साथ मारपीट या उत्पीड़न किया गया है। अन्य घटनाएं भी हैं। सीजेआई ने कहा कि हमें महिलाओं के खिलाफ हिंसा के व्यापक मुद्दे को देखने के लिए एक व्यवस्था भी बनानी होगी। इस व्यवस्था को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसे सभी मामलों का ध्यान रखा जाए। उन्होंने पूछा कि तीन मई के बाद से, जब मणिपुर में हिंसा शुरू हुई थी, ऐसी कितनी एफआईआर दर्ज की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि जब घटना चार मई को हुई तो एफआईआर 18 मई को क्यों दर्ज की गई? चार मई से 18 मई तक पुलिस क्या कर रही थी? यह घटना जब सामने आई कि महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया और कम से कम दो के साथ दुष्कर्म किया गया, तब पुलिस क्या कर रही थी?

मणिपुर की दो पीड़ित महिलाओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि महिलाएं मामले की सीबीआई जांच और मामले को असम स्थानांतरित करने के खिलाफ हैं। इस पर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हमने कभी भी मुकदमे को असम स्थानांतरित करने का अनुरोध नहीं किया है। तुषार मेहता ने ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### हिंसा में शामिल लोगों का सहयोग कर रही थी पुलिस

दो पीड़ित महिलाओं की ओर से पेश हुए कपिल सिब्बल ने कहा कि यह स्पष्ट है कि पुलिस उन लोगों के साथ सहयोग कर रही थी, जिन्होंने दोनों महिलाओं के खिलाफ हिंसा को अंजाम दिया। पुलिस ने इन महिलाओं को भीड़ में ले जाकर छोड़ दिया और भीड़ ने वही किया, जो वे करते थे। सिब्बल ने कहा, पीड़ित महिलाओं में से एक के पिता और भाई की हत्या कर दी गई थी। हमारे पास अभी भी शव नहीं हैं। 18 मई को ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

# संसद में मणिपुर में 8वें दिन भी हंगामा

▪ मणिपुर पर संसद में चर्चा हो, मोदी मांगे माफी : कांग्रेस
▪ मंत्रियों और खड़गे से मिले धनखड़





**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद के मानसून सत्र का सोमवार को 8वां दिन था। दोनों सदनों में मणिपुर मुद्दे पर हंगामा हुआ। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने मुद्दे पर अल्पचर्चा की मंजूरी दे दी, लेकिन सदन में हंगामा जारी रहा। धनखड़ ने अपने ऑफिस में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कुछ मंत्रियों से भी बात की, ताकि सदन में गतिरोध दूर किया जा सके।

राज्यसभा में सुबह मणिपुर मुद्दा उठा तो सरकार ने कहा कि हम इस पर आज ही चर्चा को तैयार हैं। दोपहर 2 बजे इस पर चर्चा हो। राज्यसभा सांसद पीयूष गोयल ने कहा– विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, वो सच को सामने नहीं आने दे रहा। विपक्षी सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर अड़ गए। 2 बजे जब सदन शुरू हुआ तो सभापति ने मणिपुर पर अल्पचर्चा को मंजूरी दे दी, लेकिन हंगामा जारी रहा। इसके बाद सदन की कार्यवाही पहले 2.30 बजे और फिर 3.30 बजे तक स्थगित कर दी गई। 3.30 के बाद जब राज्यसभा शुरू हुई तो भी हंगामा जारी रहा, इसके बाद अगले दिन (1 अगस्त) 11 बजे तक सदन स्थगित हो गया।

लोकसभा में भी आज मणिपुर मुद्दे पर हंगामा हुआ। 11 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि मलावी का डेलिगेशन भारत आया है। वे सदन की कार्यवाही देखने आए हुए हैं। हम उनका स्वागत करते हैं। जैसे ही बिड़ला की स्पीच खत्म हुई, विपक्षी सांसदों ने मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सदन में बयान देने की मांग की। विपक्षी सांसदों ने वेल में आकर ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### मणिपुर से लौटे प्रतिनिधिमंडल ने नेताओं को दी जानकारी

इंडिया गठबंधन के मणिपुर का जायजा लेने गये प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने संसद की कार्यवाही शुरु होने से पहले संसद भवन आज बैठक की और सदन में अपने अपने दल के नेताओं को मणिपुर के ताजा हालात से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने सदन के नेताओं के साथ यह बैठक यहां संसद परिसर में स्थित ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### मणिपुर पर चर्चा से डरा हुआ है विपक्ष



केंद्रीय मंत्री एवं राज्य सभा में नेता सदन पीयूष गोयल ने विपक्ष की सोच में खोट होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार आज ही 2 बजे सदन ( राज्य सभा) में मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष चर्चा से भाग रहा है। गोयल ने कहा कि विपक्ष की सोच ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री ने प्रदान किए श्रम, आबकारी और सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र

# 1 लाख पदों पर होगी भर्ती, 60 हजार को नियुक्ति मिली



### शासकीय सेवा का अर्थ है, जनता की सेवा और प्रदेश-देश का विकास

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में एक वर्ष में 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती होगी, जिसमें से लगभग 60 हजार पदों पर नियुक्ति दी जा चुकी है। प्रदेश की जनता मेरा परिवार है और मैं सरकार को परिवार की तरह ही चलाने का प्रयास करता हूँ। गरीब और मजदूर हमारे लिए भगवान हैं। शासकीय सेवा में आपका चयन उनकी सेवा के लिए हुआ है। गरीब और मजदूर को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना, उन्हें काम का स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है। मुख्यमंत्री श्री चौहान आबकारी, श्रम और सहकारिता विभाग के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निवास कार्यालय पर कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने नवनियुक्त शासकीय सेवकों को नियुक्ति–पत्र वितरित किए और शुभकामनाएँ दीं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पिछली 15 अगस्त पर मैंने एक साल में एक लाख पदों पर भर्ती की बात कही थी। यह भर्ती अभियान निरंतर जारी है। अब तक 60 हजार लोगों को नियुक्ति दी जा चुकी है। आज की नियुक्तियां भी इसमें शामिल हैं। हमारी प्रतिबद्धता रही है कि पारदर्शिता, ईमानदारी और मेरिट के आधार पर शासकीय सेवा में भर्तियां हों। आप सबका चयन मेरिट के आधार पर हुआ है, अत: आप सब बधाई के पात्र हैं। शासकीय सेवा में कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन आपके माध्यम से ही होगा। आप इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करें, यही आशीर्वाद और शुभकामनाएँ हैं। मेरी अपेक्षा है कि आप इस भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करें कि हम केवल अपने लिए नहीं, अपितु प्रदेश की जनता और प्रदेश के लिए हैं। शासकीय सेवा का अर्थ है, जनता की सेवा और प्रदेश एवं देश का विकास। इसके लिए कर्तव्य और दायित्व का भाव सदैव मन में रहना चाहिए। आप पर ही प्रदेश की प्रगति और विकास ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### कुल 741 को नियुक्ति पत्र वितरित

कार्यक्रम में कुल 741 अभ्यर्थियों को नियुक्ति–पत्र वितरित किए गए। आबकारी विभाग में 340 आबकारी आरक्षकों, सहकारिता विभाग में 347 क्लर्क और कंप्यूटर ऑपरेटर तथा श्रम विभाग में बीमा चिकित्सा पदाधिकारी, फार्मासिस्ट, सहायक ग्रेड 3 और सफाई सेवक के पदों पर कुल 54 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रमुख सचिव सहकारिता उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर श्रीमती दीपाली रस्तोगी, आबकारी आयुक्त ओ.पी. श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक पी.एस. तिवारी तथा चयनित अभ्यर्थी उपस्थित थे।

# हरियाणा के नूंह में शोभायात्रा के दौरान बवाल, जवान की मौत

**नूंह, एजेंसी।** हरियाणा के नूंह में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की तरफ से निकाली जा रही ब्रजमंडल यात्रा के दौरान बवाल हो गया। दो गुटों में हुए टकराव के बाद तीन दर्जन से ज्यादा गाड़ियों को आग लगा दी गई।

▪ गाड़ियों में की गई तोड़फोड़
▪ इंटरनेट बंद, धारा 144 लागू

पुलिस पर भी पथराव किया गया। भीड़ की तरफ से चली गोली में होमगार्ड के एक जवान की मौत हो गई है। हिंसा में कई लोग और पुलिसवाले घायल हो गए। उपद्रवियों ने नूंह के साइबर थाना पर भी हमला कर दिया। उपद्रवियों ने पथराव किया और बाहर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। हंगामे को देख पुलिसकर्मियों को जान बचाकर भागना पड़ा। मेवात के कस्बे नगीना और फिरोजपुर–झिरका में भी कई जगह आगजनी की गई। इससे पहले उपद्रवियों ने स्कूल बस में भी तोड़फोड़ की थी। बस को उपद्रवी लूट ले गए और थाने को तोड़ने के लिए उसकी दीवार में टक्कर मार दी। नूंह जिला प्रशासन ने हालात से निपटने के लिए दूसरे जिलों से पुलिस फोर्स बुलाई है, साथ ही पूरे जिले में धारा 144 लगाते हुए दो अगस्त यानी 2 दिन के लिए इंटरनेट भी बंद कर दिया गया। जिले की सीमाएं सील कर दी गई हैं। ब्रजमंडल यात्रा नूंह के नल्हड़ शिव मंदिर से फिरोजपुर–झिरका की तरफ रवाना हुई थी। जैसे ही यात्रा तिरंगा पार्क के पास पहुंची, वहां एक समूह के लोग पहले से जमा थे। आमने–सामने आते ही दोनों पक्षों में तकरार हो गई और देखते ही देखते पथराव शुरू हो गया।

सोमवार दोपहर को सबसे पहले तिरंगा पार्क के पास हिंसा भड़की जिसने देखते ही देखते पूरे नूंह शहर को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान पुराना बस स्टैंड, होटल बाइपास, मेन बाजार, अनाज मंडी और गुरुग्राम–अलवर हाईवे पर एक के बाद एक गाड़ियां फूंक दी गई। दोपहर तक 40 से ज्यादा वाहनों में आगजनी और तोड़फोड़ हो गई। इनमें कारों के अलावा बसें, बाइक, स्कूटी और दूसरे वाहन शामिल रहे। गाड़ियों में लगाई गई आग की वजह से नूंह शहर के आसमान में धुआं ही धुआं नजर आने लगा।

# निर्माणाधीन पुलिया ढही, 5 की मौत

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के रायगढ़ा जिले में सोमवार को एक निर्माणाधीन पुलिया के अचानक ढह जाने से चार बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई।

सूत्रों ने बताया कि घटना रायगढ़ा जिले के कल्याणसिंगपुर ब्लॉक में सुबह करीब 11 बजे हुई। लोग पुलिया के पास जमा बारिश के पानी में नहा रहे थे और गलती से निर्माणाधीन पुलिया के पास चले गए, जिसका निर्माण ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और अग्निशमन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और मलबा हटाने का काम शुरू किया गया। ओडिशा के कानून मंत्री जगन्नाथ साराका, स्थानीय विधायक मकरंद मुदुली और रायगढ़ा के एसपी विवेकानंद शर्मा ने भी घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। विधायक ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताते हुए कहा कि हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के परिवार के सदस्यों के लिए 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। सीएम ने हादसे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का भी आदेश दिया है।

जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में घटना को दिया अंजाम

# रेलवे सुरक्षा बल के जवान ने प्रभारी समेत 4 को गोली मारी



**मुंबई, एजेंसी।** चलती ट्रेन में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक कांस्टेबल ने जयपुर–मुंबई सुपरफास्ट एक्सप्रेस (नंबर 12956) में अपने प्रभारी और तीन अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ट्रेन विरार (पालघर) और मीरा रोड (ठाणे) के बीच तेज गति से चल रही थी, जहां ऑन–ड्यूटी कांस्टेबल चेतन कुमार और उनके प्रभारी, सहायक उप–निरीक्षक टीकम राम के बीच बहस हुई।

यह घटना सुबह करीब 5.23 बजे बी5 कोच में हुई, जब कुमार ने अपने स्वचालित हथियार से एएसआई राम और एक पेंट्री–कार कर्मचारी सहित चार लोगों की हत्या कर दी। बाद में, कुमार ने अलार्म चेन खींच ली व दहिसर स्टेशन के पास कूदकर भागने का प्रयास किया, लेकिन जीआरपी ने उसे पकड़ लिया। उसे मीरा रोड स्टेशन ले जाया गया, जबकि आरपीएफ, जीआरपी और अन्य अधिकारी घटना की जांच के लिए मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के अनुसार कुमार ने कुछ क्षणों के लिए बंदूक की नोक पर यात्रियों को बंधक बनाने की भी कोशिश की। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ फोरेंसिक टीम, जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है। शवों को पहचान के लिए व औपचारिकताओं के लिए बोरीवली स्टेशन पर भेज दिया गया।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने ड्रोन चुनौतियों, उससे निपटने को लेकर अधिकारियों को किया जागरूक

# ड्रोन के जरिए गिराई जाने वाली सामग्रियों पर जताई चिंता



**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के पुंछ जिले की पुलिस ने ताजा नई चुनौतियों से निपटने के लिए सुरक्षा बलों के जवानों को जागरूक करने तथा ड्रोन के जरिए जासूसी या हमला करने की कोशिश लगातार बढ़ते मामलों को लेकर जांच अधिकारियों को शिक्षित करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

इस बैठक की अध्यक्षता राजौरी पुंछ रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक डॉ.मोहम्मद हसीब मुगल ने की। पुंछ के पुलिस अधीक्षक विनय शर्मा ने अधिकारियों का स्वागत किया और ड्रोन चुनौतियों तथा जांच अधिकारियों के सामने आने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला। वहीं डीआईजी मुगल ने ड्रोन का परिचय, इसकी विशेषताओं, कार्यप्रणाली और नियंत्रण के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी। ड्रोन के बारे में अधिकारियों को वीडियो और कागजी तौर पर जानकारियां दी गईं। इस दौरान ड्रोन की चुनौतियों से निपटने के उपाय को लेकर अधिकारियों ने चर्चा की, क्योंकि उन्हें जांच की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। मोहम्मद हसीब मुगल ने कहा कि जब अधिकारी ड्रोन के मामले की जांच कर रहे हैं, तो उन्हें एहतियात बरतने की जरूर होगी। उन्होंने बताया कि इस मामले की पहचान, साक्ष्य को सुरक्षित करना और फॉरेंसिक जांच को कैसे संग्रहित करना है। डॉ.मुगल मौजूदा समय में ड्रोन की चुनौतियों के प्रति जागरूकता पर प्रकाश डाला और अधिकारियों से ड्रोन की मूल तकनीक को लेकर आयोजित होने वाली शिविरों में भाग लेने लेने की अपील की।

उन्होंने सीमा के पास ड्रोन के जरिए गिराई जाने वाली सामग्रियों तथा उससे संबंधित अपराध को लेकर चिंता जताई। राजौरी पुंछ रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक डॉ.मोहम्मद हसीब मुगल नेउन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को अपनी जानकारी में बढ़ोतरी करने तथा इस तरह के अपराध की जांच में व्यवहारिक कौशल को बढ़ाने की आवश्यकता है। राजौरी पुंछ रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक डॉ.मोहम्मद हसीब मुगल ने अधिकारियों को ड्रोन के साथ उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों के बार में बताया और कहा कि कैसे मामलों की जांच के दौरान अपराधों को प्रमाणित करने के लिए उन्हें एकत्र/संरक्षित, विश्लेषण और उपयोग करना है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि ज्ञान और कौशल को बनाए रखने के लिए ऐसी प्रस्तुतियां आरपीएचक्यू राजौरी नियमित तौर पर आयोजित होगी, ताकि भविष्य में अभूतपूर्व तकनीकी चुनौतियों–अपराधों से निपटने के लिए फील्ड अधिकारियों को तैयार किया जा सके। वहीं, एसएसपी ने पुंछ के पुलिस अधिकारियों के लिए इतनी मूल्यवान और जानकारी से भरी प्रस्तुति देने के लिए डीआइजी आरपी रेंज को धन्यवाद दिया।

## सार समाचार

### पुलिस ने दी जुए के फड़ पर दबिश, 2 दबोचे 4 भागे

**गुना, देशबन्धु।** जिले की आरोन पुलिस द्वारा कस्बे के सारथी सिटी कालोनी के पीछे खेत में चल रही जुआ के फड पर दबिश देकर जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जबकि चार अन्य फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि खेत में बने मकान के पीछे आड में बैठकर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने घेरावंदी कर मौके पर दविश दी तो पुलिस को देखकर चार व्यक्ति फड से दौड़ लगाकर भाग गए। वहीं दो व्यक्तियों को फड पर पकड़ा। जिन्होंने अपने नाम रविन्द्र पुत्र दौलत राम कुर्मी निवासी सारथी सिटी कालोनी आरोन तथा दराजा साहू पुत्र बलराम साहू निवासी शिवशक्ति नगर आरोन का होना बताया। दोनों के पास से पुलिस ने दो हजार रुपए नगद एवं ताश की गड्डी बरामद की। जबकि भागे गए जुआरियों में दीपेश प्रजापति निवासी नारायण कालोनी, जावेद खान आढत वाला, समुन्द्र सिंह पुत्र रामचरण बागडी निवासी ग्राम सुनगयाई, राहुल जाटव पुत्र हरिसिंह जाटव निवासी ग्राम भीखमपुर शामिल हैं। इन सभी 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### मप्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका संघ ने सौंपा ज्ञापन



**गुना, देशबन्धु।** मप्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका संघ ने अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को ऑनलाईन उपस्थिति देने संबंधी आदेश का निरस्त करने, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी मुख्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सामान पूर्ण वेतन देने, पर्यवेक्षक पदों पर नियुक्तियां देने, हर माह 5 तारीख तक वेतन देने, भवन किराया प्रति माह का भुगतान करने एवं शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग की गई। इस मौके पर उन्होंने हाल ही में सरकार द्वारा कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के मानेदय बढ़ोत्तरी पर आभार व्यक्त किया।

### तलवारों के प्रदर्शन पर मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** धार्मिक जुलूस में हथियारों के खुले प्रदर्शन पर जिले की राघौगढ़ पुलिस ने संज्ञान लेते हुए दो आरोपियों पर कार्रवाई की है। दरअसल गत दिवस राघौगढ़ में निकले ताजिये के जुलूस में शाम को ग्राम विदौरिया का नसीर खान का ताजिया बनवारी चौराहे पर आया था। जिसके अखाड़े में एक व्यक्ति अपने हाथ में दो तलवारें लेकर कर्तव दिखाता हुआ दिखा। जिस पर मामला दर्ज किया गया है।

### विद्यार्थी परिषद और एनएसयूआई ने किया विरोध प्रदर्शन

# समस्याओं को लेकर कॉलेज में तालाबंदी करने पहुंचे छात्र





**गुना, देशबन्धु।** जिले का अग्रणी कॉलेज शासकीय पीजी कॉलेज में व्याप्त समस्याओं को लेकर सोमवार को दो छात्र संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। पहले विद्यार्थी परिषद ने अपनी मांगों को लेकर पीजी कॉलेज में जमकर नारेबाजी की। इसके बाद कॉलेज की तालाबंदी की कोशिश की।

दरअसल विद्यार्थी परिषद द्वारा पीजी कॉलेज में व्याप्त समस्याओं को लेकर आठ सूत्रीय मांग पत्र विगत 22 जुलाई को पीजी कॉलेज प्रशासन को सौंपा। कार्यकर्ताओं ने पीजी कॉलेज में जमकर विरोध प्रदर्शन किया और कॉलेज में तालाबंदी की कोशिश की। इस दौरान उनकी पीजी कॉलेज के प्राचार्य के साथ जमकर बहसबाजी हुई।

इस मौके पर प्राचार्य ने परिषद कार्यकर्ताओं की मांग मांगते हुए 2 माह का समय मांगा। परिषद के छात्र नेताओं द्वारा आश्वासन के बाद ही आंदोलन समाप्त किया गया।

**लॉ कॉलेज तक सड़क बनवाने एनएसयूआई का प्रदर्शन :** इधर पीजी कॉलेज के बाहर एनएसयूआई के कार्यकर्ता ने भी प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के कार्यकर्ता इस बात से नाराज है कि यहां पीजी कॉलेज के बाद लॉ कॉलेज तक जो सडक़ है 10 साल में खराब पड़ी हुई है। जिससे कॉलेज आने वाले छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर प्रशासन और प्रबंधन से कई बार मांग कर चुके हैं कि समस्या को दूर कराया जाए। वही कॉलेज प्रबंधन और प्रशासन ने छात्रों की समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया है। बारिश के चलते रोड और ज्यादा खराब हो गई है। इस रोड में ज्यादा जगह गड्ढे हो गए हैं। इसी को लेकर एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया है। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष सूरज सिसोदिया ने बताया कि गड्ढों को लेकर एनएसयूआई ने प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा है।

### पत्रकारवार्ता में बोले कांग्रेस जिलाध्यक्ष

## कांग्रेस के सत्ता में आने पर किसानों पर दर्ज झूठे मुकदमे होंगे वापस



▶ कृषक न्याय योजना लागू की जाएगी

**गुना, देशबन्धु।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आते ही राजनीतिक पार्टियां सक्रिय होने लगी हैं। अपनी-अपनी सरकार बनने पर लोगों को कई प्रकार की सौगातें देने की बात की जा रही है। इसी के चलते सोमवार को गायत्री मंदिर के सामने कांग्रेस के द्वारा प्रेसवार्ता आयोजित की।

जिसमें कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह ने मप्र में कमलनाथ सरकार बनने पर कृषक न्याय योजना लागू करने की बात कही। वहीं किसानों पर दर्ज विभिन्न केस वापस लेने, खाद एवं बीज की आपूर्ति, बिजली सप्लाई नियमित देने का वादा किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री सिंह एवं अन्य मंचासीन पदाधिकारियों बताया कि इस बार मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो वह किसानों के हित में कई काम करने के लिए जा रहे हैं। जिसमें किसानों को सिंचाई के लिए 5 हॉर्स पावर तक के स्थाई एवं अस्थाई पंप की बिजली निशुल्क की जाएगी। प्रदेश के किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों पर लगाए गए झूठे मुकदमे वापस लेंगे। साथ ही किसानों को कृषि उपयोग के पुराने बिजली बिलों के बकाया राशि माफ करने का काम कांग्रेस सरकार करेगी। इसके अलावा सिंचाई के लिए 12 घंटे किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए।

दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर कृषक न्याय योजना सहित 5 सौगातें देने की घोषणा पर जिला कांग्रेस ने पत्रकारवार्ता आयोजित की। इसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं अन्य ने बताया कि उनका संगठन हमेशा से अन्नदाता के प्रति आदर और सहयोग का भाव रखता है। वर्ष 2018 में मध्यप्रदेश मे कांग्रेस की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सबसे पहला हस्ताक्षर किसानों के कर्ज माफी की फाइल पर किया था। कांग्रेस सरकार के 15 महीनों के कार्यकाल में किसानों के लिए अनेक योजनाएं लागू की। इतना ही नहीं 27 लाख किसानों के कर्ज माफ कर दिए।

#### सरकार बनते ही लागू होंगी योजनाएं

कांग्रेस के अनुसार भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण किसानों की हालत बद से बदतर हो गई है। जिसे देखते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने प्रदेश मे सरकार बनते ही कृषक न्याय योजना लागू करने का वादा किया। उनकी ओर से दी जाने वाली 5 सौगातों मे सिंचाई के लिए 5 हार्सपावर तक के पंप के लिए मुफ्त बिजली, सभी किसानों का कर्ज माफ, दर्ज मुकदमों की वापसी तथा पुराना बिजली का बकाया माफ करना शामिल है।

## मणिपुर घटना के खिलाफ एनएफएल की कर्मचारी यूनियन ने सौंपा ज्ञापन



**गुना, देशबन्धु।** मणिपुर घटना को लेकर ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ एसटीएससी बीडब्ल्यू एंड एम एम्प्लाईज वेलफेयर एसोसिशन ने राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि मणिपुर में पिछले 3 माह से अजा समुदाय पर जघन्य अत्याचार हो रहे हैं। जनजातीय महिलाओं के दुष्कर्म किए जा रहे हैं औ निर्वस्त्र कर सडक़ों पर घुमाया जा रहा है। जोकि बहुत ही निंदनीय और शर्मनाक है।

जिसके कारण देश के अन्य राज्यों में बहुत ही आक्रोष है। घटना का एनएफएल अजा, अजजा कर्मचारी संघ ने विरोध करते हुए राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें संबंधित अपराधियों को सख्त से सख्त सजा देने एवं मणिपुर सरकार को भंग करने की मांग की गई।

### उधारी को लेकर भिड़े 2 पक्ष, उभयपक्षीय प्रकरण दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** जिले के कैंट थानांतर्गत सांई सिटी कॉलोनी में उधारी के लेनदेन में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। पुलिस ने दोनों पक्षों की महिलाओं की शिकायत पर क्रॉस मामले दर्ज किए हैं। पहले पक्ष की फरियादिया नर्मदा पत्नि बंटी कुशवाह ने शिकायत दर्ज कराई कि गत रात 10 बजे मोहल्ले का जावेद खान उसके भाई जीतेंद्र से उधारी के पैसे माँग रहा था। जिस पर भाई ने कहा कि अभी पैसा नहीं हैं बाद में दे देंगें। इसी बात पर जावेद ने भाई जीतेंद्र के साथ गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। जिसमें जितेन्द्र के चोटें आई है। वहीं पक्ष की ओर से फरियादी अमीना पत्नि जावेद खान ने अपने पति के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने चार साल पहले जीतेंद्र कुशवाह को 20 हजार रूपए उधार दिए थे। गत रात्रि इसी लेन देन के चक्कर में कमल सिंह कुशवाह और इमरत कुशवाह ने गाली गलौंच की। जब उसके पति जावेद ने गाली गलौंच करने से मना किया तो कमल सिंह और इमरत कुशवाह ने मारपीट कर दी।

## मोहर्रम कमेटी ने किया उस्ताद खलीफाओं और प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मानित



**सीहोर, देशबन्धु।** शहर में मोहर्रम कमेटी सीहोर की जानिब से एक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ताजिए और अखाड़ों के उस्ताद खलीफाओं और प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

मोहर्रम कमेटी के रिजवान पठान की जानिब से आयोजित इस सम्मान कार्यक्रम में सीहोर और ग्रामीण क्षेत्र के ताजिए अखाड़े मेला ग्राउंड मैं एकत्रित हुए। कमेटी द्वारा मंच लगाकर सभी अखाड़ों के उस्ताद खलीफाओं, ताजिया निर्माताओं एवं सवारी उठाने वालों के साथ जिला प्रशासन के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सीएसपी राजपूत , थाना प्रभारी नलिन बुधौलिया, नपा कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों को भोपाली फाटक कस्बा में मोहर्रम कमेटी सीहोर मुख्य आयोजक रिजवान पठान एवं पदाधिकारी द्वारा पुरस्कार प्रदान कर हार फूल माला पहनाकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. अकरम, रिजवान पठान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शमीम अहमद, शरीफ भाई, मोहर्रम कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि डॉ. अकरम खान, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी श्री राजपूत, थाना प्रभारी नलिन बुधौलिया, पार्षद शाहिद अंसारी, पूर्व पार्षद अशफाक खान, समाजसेवी महफूज बंटी, मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष शरीफ भाई, बिलाल कुरेशी, महमूद कुरैशी, अथर अहमद, शेरु ओसाफ खान उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय अंतर्विभागीय बैठक आज कलेक्ट्रेट में

**सीहोर, देशबन्धु।** जन्म के समय शिशु लिंगानुपात के सुदृढ़ीकरण के लिए जिला स्तरीय अंतर्विभागीय विमर्श बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में जन्म के समय शिशु लिंगानुपात की राष्टीय सर्वेक्षण के अनुसार जिले में जन्म के समय शिशु लिंगानुपात में गिरावट दर्ज हुई है।

## सम्यक अभियान संकल्प यात्रा का सीहोर से हुआ शुभारंभ



**सीहोर, देशबन्धु।** लोकनीति के पैरोकार, आदर्श दर्शन के प्रणेता, सुप्रसिद्ध विचारक, नवक्रान्ति के अग्रदूत सम्यक अभियान प्रणेता भास्कर राव रोकड़े के संरक्षण में निकाली जाने वाली सम्यक अभियान संकल्प यात्रा का रविवार, 30 जुलाई को सीहोर जिला मुख्यालय से शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य रूप उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर द्वारा भास्कर राव रोकड़े का स्वागत किया गया एवं यात्रा के सीहोर जिला समनव्यक डॉ.रघुवीर सिंह दांगी द्वारा भी उपस्थिति अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर महेश दयाल चौरसिया, ओम वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र दरबार, बलबहादुर सिंह, राजेन्द्र वर्मा, डॉ. हेमंत वर्मा, राजेश यादव भूरा, सीताराम भारती, के.के. रिछारिया, भगत सिंह तोमर, तुलसी राजकुमार राठौर, अरूण राय, असरफ अली, अजय सिंह सिसोदिया, रेहान नवाब, सुरेश ठाकुर, सफ्रुद्दिन, बनेसिंह सरपंच सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## राष्ट्र निर्माण में प्रजापति समाज की अहम भूमिका : विधायक



**सीहोर, देशबन्धु।** प्रजापति कुंभकार समाज की राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका है। इस तरह की बैठक से समाज की एकता और अखंडता मजबूत होती है। प्रजापति समाज के सहयोग के लिए मैं हमेशा तत्पर हूं। यह विचार शहर के यशराज गार्डन में प्रजापति कुंभकार महासंघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक सुदेश राय ने कहे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए महासंघ के जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर दिनेश प्रजापति ने बताया कि सीहोर विधानसभा विधायक श्री राय और महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष आरएस कुंभकार के मुख्य आतिथ्य में बैठक का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि विधायक श्री राय को धर्मशाला के लिए जमीन सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए एक आवेदन भी दिया गया। श्री प्रजापति ने बताया कि सीहोर तहसील अध्यक्ष के लिए राजा राजेश प्रजापति और आष्टा तहसील का अध्यक्ष अर्जुन प्रजापति को नियुक्ति किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेशाध्यक्ष श्री कुंभकार, प्रदेश सचिव डीएस सरोटिया आदि ने नई कार्यकारिणी में शामिल सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस दौरान राजेश प्रजापति एडवोकेट, संरक्षक मान सिंह, धर्मेन्द्र एडवोकेट, राजेश कुमार प्रजापति, शिव प्रसाद, केएल प्रजापति, विजय प्रजापति आदि बड़ी संख्या में समाजजन शामिल थे।

### कीटनाशक हाचीमेन और ग्रीनमिक्स के छिड़काव से फसल नष्ट

**सीहोर, देशबन्धु।** श्यामपुर तहसील के ग्राम बजार गांव के अभिषेक पचोरी पिता भगवती प्रसाद पचोरी एवं अन्य कृषकों तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता, भारतीय किसान मजदूर महासंघ संतोष राठौर द्वारा मेसर्स महाकाल कृषि सेवा केन्द्र के प्रोपराईटर दीपक शर्मा ग्राम बरखेडा हसन तहसील श्यामपुर के विरूद्ध कीटनाशक हाचीमेन और ग्रीनमिक्स का सोयाबीन फसल पर छिड़काव किया जाने से संपूर्ण फसल नष्ट होने की शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत के संबंध में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पदेन कीटनाशी निरीक्षक, विकास खण्ड सीहोर को एवं कृषि विज्ञान केन्द्र सेवनिया विकासखंड इछावर के वैज्ञानिक (फसल सुरक्षा) दीपक कुशवाह से समन्वय कर मौके पर जाकर निरीक्षण उपरांत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को निर्देशित किया गया था।

## आज शिवपुरी आएगी संत रविदास समरसता यात्रा

▶ जिला प्रशासन ने की तैयारी पूर्ण

**शिवपुरी, देशबन्धु।** संत शिरोमणि गुरुदेव रविदास मंदिर निर्माण हेतु जल एवं मिट्टी संग्रहण तथा जन जागरण हेतु समरसता यात्रा का प्रथम चरण 1 अगस्त को शिवपुरी जिले के करेरा विकासखंड के सिकन्दरा बैरियर से दतिया जिले की ओर से प्रवेश करेगी। जिसकी तैयारी जिला प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गयी हैं द्ध

यात्रा के सफल क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। कलेक्टर रवीन्द्र चौधरी द्वारा जारी आदेशानुसार इस यात्रा के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर को बनाया गया है। सहायक जिला नोडल अधिकारी जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को बनाया है। सभी विभागों से समन्वय का दायित्व मप्र जन अभियान परिषद को सौंपा गया है।

कल इस यात्रा का जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा सिकन्दरा बैरियर पर जोरदार स्वागत किया जाएगा। इसके बाद मार्ग में पड़ने वाले ग्रामों में भी ग्राम पंचायतों और प्रस्फुटन समितियों द्वारा स्वागत किया जाना प्रस्तावित है। यात्रा 11 बजे पुलिस सहायता केंद्र करेरा पहुंचेगी जहां पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद यह यात्रा कुम्हारपुरा,खैराघाट होते हुए। नरवर विकासखंड के ग्राम रामनगर, छितरी, बहगवां,सीहोर बनियानी से होकर गुजरेगी जहां पर ग्राम पंचायतों, प्रस्फुटन समितियों, आजीविका मिशन के समूह की महिलाओं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही हैं। इसके बाद यह यात्रा ग्वालियर जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी ।

## सोशल ग्रुप वर्धमान के शिविर में सपरिवार किया रक्तदान



**गुना, देशबन्धु।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वर्धमान गुना द्वारा मानव सेवा सप्ताह के रूप मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्रुप सदस्यों पुरुष एवं महिलाओ के साथ-साथ अनेक सेवा भावी श्रेष्ठियों ने आगे आकर इस शिविर में रक्तदान करके इसके आयोजन को सार्थक बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान लगभग 50 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कुछ परिवार जन तो ऐसे भी आए की उन्होंने सपरिवार आगे आकर बढ़ चढक़र रक्त दान कर अनुकरणीय पहल की। इस समय जब जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक मे रक्त की बहुत अधिक कमी के कारण मरीजों को बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे समय मे ग्रुप अध्यक्ष सुदीप जैन लालू, मंत्री आशीष सर्राफ एवं कोषाध्यक्ष सौरभ जैन ने ग्रुप के मासिक भक्तांबर पाठ में जब ये बात को रखा की सिविल हॉस्पिटल मै ब्लड की बहुत कमी है और मरीजों के परिजन इधर उधर परेशान हो रहे है। तो सर्व सम्मति से सभी सदस्यों ने रक्त दान शिविर की सहर्ष सहमति प्रदान की। उसी समय इस शिविर को आयोजित करने की जिम्मेदारी चार सदस्यों विपुल जैन, मनोज जैन, गगन गोयल एवं आकाश जैन को इस शिविर का संयोजक बनाया गया । इन चारो संयोजकों ने पूरे कमेटी जनों एवं अन्य सभी

### 15 अगस्त को उज्जैन में होगा समापन

# पार्थिक रूद्राभिषेक के साथ आरंभ हुई महाकाल बाबा की पदयात्रा



**गुना, देशबन्धु।** शहर के इतिहास में संभवत: पहली बाबा महाकाल की भव्य पदयात्रा गुना से उज्जैन के लिए सोमवार को आरंभ हुई। पदयात्रा का शुभारंभ सोमवार को प्रात: पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पार्थिक रूद्राभिषेक पूजा के साथ हुआ। तत्पश्चात यह यात्रा गाजे-बाजे के साथ मातापुरा, कैंट चौराहा, अशोकनगर रोड, हनुमान चौराहा, हाट रोड, नीचला बाजार, सदर बाजार, जयस्तंभ चौराहा एबी रोड के लिए रवाना हुई। इस मौके पर यात्रा का पहला पड़ाव सोमवार को रुठियाई रहा। मंगलवार को बालाजी मंदिर चौपट नदी रुठियाई पर पूजा अर्चना के बाद पदयात्रा का काफिला आगे की ओर बढ़ेगा।

उल्लेखनीय है कि शहर से निकली यह ऐतिहासिक महाकाल बाबा की पदयात्रा 15 अगस्त को उज्जैन में पूर्ण होगी। इस दौरान यात्रा के पड़ाव में 1 अगस्त को बालाजी मंदिर चौपट नदी रुठियाई, 2 को गणेश मंदिर राघौगढ़, 3 को हनुमान मंदिर आवन, 4 को रामजानकी मंदिर गावरी, 5 को नामदेव धर्मशाला कुंभराज, 6 को बागेश्वर मंदिर चांचौड़ा, 7 को देवनारायण मंदिर जोगीपुरा घोड़ापछाड़, 8 को अंजनीलाल मंदिर ब्यावरा, 9 को शिव मंदिर पचोर, 10 को कपिलेश्वर मंदिर सारंगपुर, 11 को सुदामा कुटी आश्रम शाजापुर, 12 को हनुमान मंदिर मक्सी, 13 को शिव मंदिर ताजपुर, 14 को उज्जैन रात्रि विश्राम, 15 को महाकाल मंदिर में ध्वजारोहण, सहस्त्रधारा महारूद्राभिषेक, महाआरती के साथ भंडारा होगा। यात्रा संयोजक कमल किशोर शास्त्री, यात्रा चरणसेवक आनंद रवि महाराज, व्यवस्थापक नरेन्द्र महाराज, अभिषेक शर्मा, योगेश शर्मा, बृजेश दीक्षित आदि ने बताया कि गुना शहर में यह ऐतिहासिक महाकाल बाबा की पदयात्रा संभवत: प्रथम बार हो रही है। यात्रा में बाबा महाकाल को एक भव्य रथ में विराजमान किया गया। जिसका शहर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती पूजा कर पदयात्रियों का स्वागत किया।

# जीएमसी की जूनियर डॉक्टर ने की आत्महत्या

## 14 सप्ताह की गर्भवती थी



**भोपाल, देशबन्धु।** गांधी मेडिकल कालेज (जीएमसी) से की एक महिला जूनियर डॉक्टर ने रविवार देर रात अपने घर में खुदकुशी कर ली। पुलिस का दावा है कि उन्होंने अधिक मात्रा में बेहोशी की दवा को लेकर आत्महत्या की है। पुलिस को मृतका के पास से कोई पत्र नहीं मिला है। इसके चलते खुदकुशी के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

शाहजहांनाबाद एसीपी उमेश कुमार तिवारी ने बताया 27 वर्षीय बाला सरस्वती मूल रूप से आंध्रप्रदेश की रहने वाली थीं। वह गांधी मेडिकल कालेज से स्त्री एवं प्रसूति रोग ( गायनेकोलॉजी ) में पोस्ट ग्रेजुएशन कर रही थीं। उनकी पढ़ाई लगभग पूरी होने वाली थी। वह 6 महीने पहले ही वे कोहेफिजा स्थित कहकशा अपाटमेंट के जी-2/2 फ्लैट में रहने पहुंची थीं। उनके पति जयवर्धन चौधरी भी साथ रहते हैं। जयवर्धन फिलहाल बेरोजगार है और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। सोमवार सुबह 6 बजे जयवर्धन उठे तो सरस्वती पूजा वाले कमरे में अचेत पड़ी थीं। उन्होंने शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया। इसके बाद उन्हें लेकर हमीदिया हॉस्पिटल पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

एसीपी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। उन्होंने बताया कि जूनियर डॉक्टर सरस्वतीकी शादी वर्ष 2021 में जयवर्धन चौधरी से हुई थी। वह वर्तमान में करीब 14 सप्ताह की गर्भवती थीं। घर में उनके इलाज के दस्तावेज भी मिले हैं। उनके बिस्तर के पास बेहोशी की दवाइयां की शीशी व इंजेक्शन मिले है। ऐसे में आशंका है कि सरस्वती ने इन दवाइयों को अधिक मात्रा में लेकर यह कदम उठाया है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने जूनियर डॉक्टर का मोबाइल जब्त किया है। उनके परिजन को खबर कर दी गई है। उनके आने के बाद पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल, देशबन्धु।** हबीबगंज इलाके में स्थित श्याम नगर बहुमंजिला में रहने वाले युवक ने सोमवार तड़के फांसी लगाकर जान दे दी। उसकी ममेरी बहन ने सबसे पहले शव को फंदे पर लटका देखा और परिजनों को जानकारी दी। रिश्तेदारों ने शव को उतारकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभिषेक उर्फ शेरा गोंड पुत्र पिंटी गोंड 19 मूलतः उज्जैन का निवासी था। वह बीते एक साल से मामा के घर श्याम नगर बहुमंजिला में रह रहा था और मेहनत मजदूरी करता था। बताया गया है कि वह रविवार को देर रात तक मोहल्ले में दोस्तों के साथ बैठा हंसी मजाक कर रहा था। कब घर आया परिजनों को पता नहीं लगा। सुबह ममेरी बहन जानवी ने सबसे पहले अभिषेक को गमछे से बने फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा था। जिसके बाद उसने शोर मचाकर सभी परिजनों को उठाया। परिजनों ने शव को फंदे से उतारा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए रवाना किया। पुलिस का कहना है कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। वहीं अभिषेक के मामा महेंद्र ने बताया कि अभिषेक ने कभी किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया। परिवार में भी किसी से विवाद नहीं हुआ था। उसकी मां का कई वर्ष पहले निधन हो चुका है। उसके पिता पिंटी और दोनों भाई राहुल और कार्तिक उज्जैन में ही रहते हैं।

# सड़क किनारे खड़े युवक को बस ने रौंदा, मौत

## जन्म दिन से 13 दिन पहले बुझा घर का इकलौता चिराग



**भोपाल, देशबन्धु।** सूखी सेवनिया के चौपड़ा बाइपास पर सोमवार दोपहर अज्ञात यात्री बस ने सड़क किनारे मोटर साइकिल लेकर खड़े छात्र को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही जान चली गई। मृतक घर का इकलौता बेटा था और आने वाले 13 अगस्त को उसका 22 वां जन्मदिन था।

सूखी सेवनिया पुलिस के मुताबिक शुभम ओझा पुत्र बलवान ओझा उम्र 21 वर्ष प्रवेश नगर माली खेड़ी का रहने वाला था। वह निजी कॉलेज से बीएससी द्वितीय वर्ष की पढ़ाई करता था। साथ ही चिकित्सा उपकरण आपूर्ति करने का काम भी करता था। वह सोमवार को सामान देने के सिलसिले में सूखी सेवनिया के निजी अस्पताल जाने का बोलकर निकला था। दोपहर डेढ़ बजे बाइक को चौपड़ा बाइपास पर सड़क के किनारे पार्क कर बातचीत कर रहा था। इसी बीच पीछे से आई एक यात्री बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल टक्कर मारने वाली बस की तलाश की जा रही है। हालांकि अभी बस का नंबर पुलिस को नहीं मिल सका है। शुभम के मामा धर्मेंद्र ने बताया कि शुभम के पिता बलवान टाइल्स और मार्बल बिछाने का काम करते हैं, जबकि मां गृहणी है और बहन निजी कॉलेज से बी.कॉम अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। शुभम परिवार का इकलौता बेटा था। आगामी 13 अगस्त को उसका 22 वां जन्मदिन था। लेकिन जन्म दिन से 13 दिन पहले इकलौते बेटे की मौत के बाद मां और बहन का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 2 बसों के बीच खड़े युवक की संदिग्ध हालातों में मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** दो बसों के बीच खड़े एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घटना की सीसीटीवी तस्वीरें सामने आई है। इनका आधार पर है। हबीबगंज पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फहीम खान पुत्र बन्ने खान जनता कॉलोनी 11 नंबर 16 मंजिल के पास रहते थे। वे दस नंबर की एक दुकान में काम करते थे। उनके दामाद अमान शेख ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे ससुर घर से दुकान जाने का बोलकर निकले थे। करीब एक बजे उनकी मौत की सूचना मिली। उनका शव घर के पास ही मिला था। घटना स्थल के पास में लगे सीसीटीवी की तस्वीरें देखी जिसमें दिखा की दो बसें खड़ी हैं। एक बस को चालक ले जाता है। उक्त बस के गुजरने के बाद ससुर का शव जमीन पर पड़ा दिखा। ससुर की मौत बस की चपेट में आने से हुई या फिर किसी ने उन्हें मारा है, इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। हबीबगंज थाना प्रभारी मनीष राज सिंह भदौरिया का कहना है कि प्रारंभिक तौर पर फहीम की मौत हादसा लग रही है। अनुमान है कि छांव में युवक दोनों बसों के बीच लेटा होगा। गहरी नींद में होने के कारण उसके बस चालू होने की आवाज सुनाई नहीं दी होगी। इसी बीच बस की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। फिलहाल मर्ग कायम कर लिया है।

### इंजीयरिंग कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया जारी

# कंप्यूटर सांइस के प्रति विद्यार्थियों का सर्वाधिक रुझान

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के इंजीनियरिंग कालेजों की करीब 64 हजार सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इसमें सबसे ज्यादा करीब 18 हजार सीटें कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (सीएसई) की हैं, जबकि मैकेनिकल ब्रांच में करीब नौ हजार सीटें हैं। विद्यार्थियों ने सबसे ज्यादा एक लाख 95 हजार च्वाइस फिलिंग सीएसई में दर्ज की है। विभाग उनके लिए सीटों का आवंटन तीन अगस्त को जारी करेगा।

तकनीकी शिक्षा विभाग (डीटीई) की इंजीनियरिंग डिग्री और डिप्लोमा कोर्सेस में दाखिले के लिए विद्यार्थियों के काफी रुझान सामने आ रहे हैं। पिछले साल की तरह इस सत्र में भी विद्यार्थियों की पहली पसंद सीएसई है। इसके अलावा विभाग ने बैचलर और डिप्लोमा फार्मेसी एवं डिप्लोमा इंजीनियरिंग की सीटों का आवंटन जारी कर दिया है। बैचलर और डिप्लोमा फार्मेसी में करीब 13 हजार विद्यार्थियों ने पंजीयन कराए थे। इसमें से करीब 11 हजार ने दस्तावेजों का सत्यापन कराया है। विभाग ने इसमें से करीब नौ हजार के लिए सीटें आवंटित की हैं। वहीं डिप्लोमा इंजीनियरिंग में करीब 13 हजार विद्यार्थियों ने च्वाइस फिलिंग की है। इसमें से 12 हजार 909 विद्यार्थियों को सीटें आवंटित कर दी गई है। इसमें से पहले दिन 366 विद्यार्थियों ने शुल्क जमा कर प्रवेश लिया है। विद्यार्थी आवंटित सीटों पर पांच अगस्त तक प्रवेश ले सकते हैं। वहीं बीई में प्रवेश के लिए च्वाइस फिलिंग करने का शुक्रवार को आखिरी दिन था। इसमें करीब 24 हजार ने च्वाइस फिलिंग की है। शनिवार को संयुक्त मेरिट सूची जारी की जाएगी।

## दूसरे चरण के लिए पंजीयन 17 अगस्त तक

पहले चरण के साथ दूसरे चरण के लिए पंजीयन चल रहे हैं। दूसरे चरण में जेईई मेंस के अलावा 12वीं की मेरिट के आधार पर भी प्रवेश दिए जाएंगे। विद्यार्थी 17 अगस्त तक पंजीयन करा सकेंगे।

# विश्व स्तनपान सप्ताह आज से

**भोपाल, देशबन्धु।** इस वर्ष भी एक से 7 अगस्त के दौरान विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जायेगा। इस वर्ष के विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम इनेवलिंग ब्रेस्ट-फीडिंग = मेकिंग अ डिफरेंस फॉर वर्किंग पेरेंट्स है। विश्व स्तनपान सप्ताह में स्तनपान के लाभ के संबंध में जागरूता बढ़ाने और स्तनपान को प्रोत्साहन देने की गतिविधियों को किया जायेगा।

विश्व स्तनपान सप्ताह संबंध में एनएचएम की एमडी श्रीमती प्रियंका दास ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन को निर्देश दिये हैं। एक अगस्त को प्रातः 10 से 11 बजे के मध्य सभी शासकीय अस्पतालों में एक घंटे का कॉउंसिलिंग ऑवर मनाया जायेगा। इसमें स्तनपान सप्ताह के आयोजन के संबंध में जागरूकता बढ़ाई जायेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला जन-प्रतिनिधि से करवाया जायेगा। कॉउंसिलिंग ऑवर के दौरान सभी अस्पतालों में एएनसी ओपीडी और पीडियाट्रिक ओपीडी में आने वाली गर्भवती एवं धात्री माताओं, पीएनसी वार्ड में भर्ती प्रसूताओं और एसएनसीयू, एनवीएसयू, एनआरसी में भर्ती बच्चों की माताओं को स्तनपान संबंधी समझाइश दी जायेगी। सभी शासकीय प्रसव केन्द्रों में पदस्थ मेडिकल और पैरा-मेडिकल स्टॉफ, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर नवजात शिशु के जन्म के तुरंत बाद माताओं को स्तनपान कराने की समझाइश देंगे।

# फर्जी वेबसाइट से ऋण दिलाने का झांसा देने वाला राजस्थान से गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** फर्जी वेबसाइट बनाकर लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी असली वेबसाइट की तरह दिखने वाली हुबहू फर्जी ऋण कंपनी बनाकर लोन देने का झांसा देकर ठगी करता था। चौंकाने वाली बात आरोपित अपने जाल में फंसाने के लिए इंटरनेट मीडिया के माध्यम फेसबुक पर लोन का विज्ञापन देता था। उस पर अपने मोबाइल नंबर देता था। उस पर लोग फोन करते थे और फंस जाते थे। वहीं आरोपी पीड़ित की राशि अपनी ही खाते में लेता था।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक कल्पना नगर, रायसेन रोड निवासी 30 वर्षीय अश्विन बिल्लोरे निजी काम करते हैं। उनको पांच लाख रुपये के ऋण की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर देखा तो उन्हें एक रोकड़ा डाट ओआरजी नाम से वेबसाइट दिखी। उस पर पंजीयन कराने के बाद 12 बार अलग-अलग के ऋण प्रक्रिया शुल्क के नाम पर कुल एक लाख 64 हजार रुपये उन्होंने भर दिए। उसके बाद उन्हें न ऋण दिया और न रकम वापस की। ठगी का अहसास होने पर पूरे मामले की शिकायत क्राइम ब्रांच में की। इस पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर बैंक खाते और मोबाइल नंबर की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। क्राइम ब्रांच के मुताबिक श्रीगंगानगर राजस्थान राज्य का मूल निवासी आरोपित 33 वर्षीय मोहित स्वामी रोकड़ावाला वेबसाइट का संचालन करता था। आरोपी ऋण फार्म, पंजीयन, प्रक्रिया शुल्क के विभिन्न प्रकार के फाइल चार्ज अथवा फीस के नाम पर लोगों के साथ धोखाधड़ी करता था। आरोपी असली ऋण कंपनी की नाम से मिलती - जुलती वेबसाइट बनाकर लोगों को इंटरनेट मीडिया के माध्यम से फंसा लेता था। उसके बाद उनसे टुकड़ों में ऋण प्रक्रिया की शुल्क लेता था और फिर मोबाइल बंद कर लेता है।

# युवा कलाकार एनएसडी के तर्ज पर सीख रहे रंगमंच की बारीकियां

**भोपाल, देशबन्धु।** युवा कलाकारों को रंगमंच का समग्र प्रशिक्षण देकर बौद्धिक रंगकर्मी तैयार करने का कार्य इन दिनों रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप (एलबीटी) में किया जा रहा है। केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी (एसएमए), दिल्ली के सहयोग से आहान शिक्षा संस्कृति एवं समाज कल्याण समिति, भोपाल द्वारा 10 अगस्त तक 15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षण के रूप में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के स्वर्ण पदक प्राप्त और संगीत नाटक अकादमी से पुरस्कृत आलोक चटर्जी नाटक का समग्र प्रशिक्षण एनएसडकी तर्ज पर दे रहे हैं।

कार्यशाला में देश भर से आए 56 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं, जिन्हें नाटक का इतिहास और थ्योरी, यथार्थवादी शैली पर अभिनय का प्रशिक्षण, देश के रंगमंच की जानकारी, बड़े नाटक, नाटककार, ट्रेनिंग इंस्ट्रीटयूट,बड़े अभिनेताओं की आत्मकथाएं बताई गई। सोमवार को दृश्य निर्माण, स्क्रप्ट एनालिसिस, आवाज सही और प्रभावशाली बनाकर संवाद बोलना तथा संवाद और कविता पाठ अंतर बताया गया। आलोक चटर्जी ने सांस संबंधी अभ्यास कराए और आवाज की चालिटी को देखकर आंचलिक टच को दूर कर उच्चारण करना सिखाया। हिंदी पट्टी के युवाओं में व्याप्त उच्चरण संबंधी दोष दूर करना और भाव आदि के बारे में बताया।



समिति की निर्देशक शोभा चटर्जी ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बैद्धिक रंगकर्मी तैयार करना है। कार्यशाला में कुछ नए प्रतिभागी हैं तो कुछ ऐसे हैं, जो-जो अपने-अपने क्षेत्रों में थिएटर कर रहे हैं। इन प्रतिभागियों में दिल्ली, गाजियाबाद, लखनऊ, आगरा, बनारस, टीकमगढ़, रीवा, सागर, सीधी, इंदौर,ग्वालियर, सीहोर, रायसेन के साथ-साथ भोपाल के शामिल हैं। कार्यशाला में आगामी दिनों में चित्रकार समेत नाट्य निर्देशकों को वक्तव्य होगा। वहीं वरिष्ठ साहित्यकार रामप्रकाश त्रिपाठी मंगलवार को साहित्य और रंगमंच में अंर्तसंबंध पर बात करेंगे।

## शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करें : कलेक्टर

भोपाल, देशबन्धु। कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ऋतुराज सिंह, एडीएम, एसडीएम सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। कलेक्टर ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर सभी संबंधित अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की शिकायतें अधिक है वे सभी विभाग विशेष ध्यान देकर त्वरित निराकरण करायें। श्री सिंह ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति जानी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री सीखो - कमाओ योजना के संबंध में भी वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को दिए।

# गांधी भवन के बारे में दुर्भावनापूर्ण प्रचार के पीछे निजी स्वार्थ - अध्यक्ष

**भोपाल, देशबन्धु।** गाँधी भवन न्यास के अध्यक्ष संजय सिंह और सचिव दयाराम नामदेव ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि न्यास के दो सदस्यों ने दुर्भावनापूर्ण अभियान छेड़ा हुआ है। विगत 26 जुलाई को हुई बैठक में दस न्यासी उपस्थित थे। इनमें से सिर्फ़ दो सदस्य राकेश दीवान और रणसिंह परमार शेष आठ सदस्यों से असहमत थे। इसका वास्तविक कारण यह है कि ये दोनों ट्रस्ट में अध्यक्ष और सचिव पद पर क़ाबिज़ होना चाहते थे। रणसिंह परमार तो अध्यक्ष के चुनाव से पहले वर्तमान सचिव वयोवृद्ध सर्वोदयी गाँधीवादी दयाराम नामदेव को ही धमका चुके थे। उन्होंने श्री नामदेव से कहा था कि यदि उन्हें अध्यक्ष नहीं बनाया गया तो वे देख लेंगे। रणसिंह एकता परिषद् से जुड़े हुए हैं। जिसका कार्यालय गांधी भवन परिसर में हैं, और इस संस्था के कुछ साथी गांधी भवन में ही किराये से रहते हैं और गाँधी भवन के डिफॉल्टर हैं।

पदाधिकारियों ने अपनी विज्ञप्ति में कहा कि रणसिंह परमार अपने पसंद के सदस्यों को न्यास मंडल में भी शामिल करना चाहते थे ,लेकिन ऐसा नहीं होने पर उन्होंने समूचे ट्रस्ट के विरोध में अभियान छेड़ दिया है। वहीं न्यास के एक अन्य सदस्य राकेश दीवान भी न्यास के सचिव पद पर आने के लिए लंबे समय से प्रयासरत हैं। वे भी श्री नामदेव को जेल जाने की धमकी दे चुके हैं। जब उन्होंने देखा कि न्यास के अन्य सदस्यों ने लगभग पैंसठ साल से विनोबा भावे के भूदान और सर्वोदय कार्यक्रमों में साथ रहे, गांधीवादी दयाराम नामदेव को एक बार फिर चुन लिया है तो वे बौखलाहट में गांधी भवन के विरोध में उतर आए और दुष्प्रचार कर रहे हैं। इन दोनों न्यासियों ने हाल ही में हुई न्यास की बैठक के बाद प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। इसमें कहा गया है कि श्री नामदेव ने अपना कार्यकाल बिना न्यास की सहमति के बढ़ा लिया है। यह आरोप हास्यास्पद है क्योंकि कार्यकाल बढ़ाने के बारे में न्यास की सहमति रही है। श्री दीवान और श्री परमार ने पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर न्यास और सचिव पर अनियमितताओं के बेबुनियाद आरोप लगाए हैं। इन आरोपों की जांच संबंधित एजेंसियां कर रही हैं। इसलिए न्यास अपनी ओर से इस मामले में कुछ नहीं कहना चाहता। जांच पूरी होने के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। गांधी भवन न्यास का इन सभी जांच एजेंसियों पर पूरा भरोसा है।

पदाधिकारियों ने कहा कि न्यास की बैठक में बदबू फैलाने जैसी मानसिकता पर आधारित कोई बात नहीं कही गई। बल्कि हक़ीक़त तो यह है कि न्यास मंडल की सदस्य डॉक्टर वंदना शिवा के साथ उन्होंने दुर्व्यवहार किया। एक बुजुर्ग महिला के साथ अपमानजनक व्यवहार के लिए उन्हें डॉक्टर शिवा से माफ़ी मांगनी चाहिए थी। बताने की आवश्यकता नहीं कि डॉक्टर शिवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण के लिए जानी जाती हैं। वे गांधीवादी हैं। गांधीभवन न्यास उन्हें अपने सदस्य के रूप में पाकर गर्व महसूस करता है। श्री दीवान उन्हें देखकर भड़क गए और अध्यक्ष से पूछने लगे कि डॉक्टर शिवा को इस बैठक में क्यों बुलाया गया है। इस पर अध्यक्ष ने उन्हें बताया कि वंदना शिवा भी न्यास की सदस्या हैं तब वे चुप हुए।

वहीं न्यास के आठ सदस्यों ने श्री नामदेव का कार्यकाल बढ़ाने का समर्थन किया था। इसी आधार पर अध्यक्ष संजय सिंह ने कार्यकाल विस्तार का निर्णय लिया। इसके लिए संजय सिंह सक्षम प्राधिकारी हैं। जहाँ तक न्यास के सदस्यों का कार्यकाल बढ़ाने की बात है तो यह एक परंपरा ही है, विधान नहीं। गाँधी विचार के प्रति समर्पित और निष्ठावान सदस्य कार्यकाल में विस्तार पाते रहे हैं। नहीं बढ़ाने पर किसी तरह का एतराज़ न तो उचित है और न जायज़।

## झूठे आरोप लगाकर बचाने की कोशिश कर रहे है : दीवान

गांधी भवन न्याय के अध्यक्ष और सचिव झूठे आरोप लगा रहे हैं। उन्हें ऐसे आरोप लगाने की जगह हमने जो प्रश्न उठाए हैं, उनके उत्तर देने चाहिए। लेकिन वे उत्तर देने के स्थान पर इस तरह के आरोप लगाकर खुद को बचाने की कोशिश कर रहे हैं और यदि उनके आरोपों में जरा भी सच्चाई है तो उन्हें साबित करना चाहिए।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं. 2, भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कालोनी अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रं. एम-340 मंडल द्वारा श्रीमति फिरोजा अख्तर कुरैशी पत्नि डॉ. अख्तर अहमद कुरैशी के नाम आवंटन आदेश क्रं.-7120-21 दिनांक 11.06.1992 जारी है। एवं विक्रय-पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 24.11.1992 को पंजीकृत है। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड को श्री चंद्रशेखर त्रिवेदी आत्मज स्व. श्री टी.एन. त्रिवेदी एवं श्री उमेशचंद्र त्रिवेदी आत्मज स्व. श्री टी.एन. त्रिवेदी के नाम विक्रय-पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 17.07.2023 को पंजीकृत कराया गया है। श्रीमति फिरोजा अख्तर कुरैशी पत्नि डॉ. अख्तर अहमद कुरैशी एवं श्री चंद्रशेखर त्रिवेदी आत्मज स्व. श्री टी.एन. त्रिवेदी एवं श्री उमेशचंद्र त्रिवेदी आत्मज स्व. श्री टी.एन. त्रिवेदी द्वारा आवेदन-पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन-पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र, परिचय-पत्र एवं विक्रय-पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त भूखण्ड श्री चंद्रशेखर त्रिवेदी आत्मज स्व. श्री टी.एन. त्रिवेदी एवं श्री उमेशचंद्र त्रिवेदी आत्मज स्व. श्री टी.एन. त्रिवेदी के नाम हस्तांतरण करने हेतु निवेदन किया गया है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2, भोपाल**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं. 2, भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कालोनी बागमुगलिया एक्टेंशन भोपाल में स्थित भूखंड क्रमांक-एच.आई.जी. 92 मंडल द्वारा श्री योगेंद्र शर्मा आत्मज स्व. श्री सुरेंद्र बहादुर के नाम आवंटित है एवं भूखंड का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय में दिनांक 24.06.2016 को पंजीकृत कराया गया है। इनके द्वारा उक्त भूखंड क्रेता श्री सौरभ कुमार मिश्रा आत्मज श्री हरिशंकर मिश्रा को विक्रय करते हुये विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 20.06.2023 को पंजीकृत कराया गया। श्री योगेंद्र शर्मा आत्मज स्व. श्री सुरेंद्र बहादुर एवं श्री सौरभ कुमार मिश्रा आत्मज श्री हरिशंकर मिश्रा द्वारा आवेदन पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र, शपथ पत्र, परिचय पत्र एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुए क्रेता श्री सौरभ कुमार मिश्रा आत्मज श्री हरिशंकर मिश्रा के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। जो कि विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2, भोपाल**



**YES BANK यस बैंक लिमिटेड**
**शाखा कार्यालय:** वार्ड नं.8, आरएम टॉवर म्यूनिसिपल नं.269, गोराकुण्ड चौराहा, राजवाड़ा के पास, महात्मा गांधी रोड़, इन्दौर (म.प्र.) 452001

**आधिपत्य सूचना** [नियम - 8(1) अचल संपत्ति हेतु ]

**यस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त अधिकारों के अनुसरण में, नीचे विस्तार में वर्णित ऋणी को मांग सूचना पत्र जारी किया था जिसके तहत उक्त 13(2) धारा के अंतर्गत सूचना के प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था।
ऋणी द्वारा संपूर्ण धनराशि न चुकाए जाने पर, एतद्द्वारा ऋणी को एवं सामान्य रूप से जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उन्हें दिए गए अधिकारों के अनुसरण में यहाँ वर्णित संपत्ति का **सांकेतिक कब्जा** ले लिया है। विशेष रूप से ऋणी एवं सामान्य रूप से जनसाधारण को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि संपत्ति के साथ किसी प्रकार का सौदा न करें एवं संपत्ति के साथ किसी प्रकार का सौदा यहाँ वर्णित राशि का उस पर अनुबंधित दर से ब्याज एवं लागत के भुगतान के साथ यस बैंक लिमिटेड को चुकाए जाने के अधीन किया जाएगा।

| क्रं. | ऋणी का नाम | ऋण खाता संख्या एवं कस्टूमर आईडी | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण | बकाया राशि (रु.) | 13 (2) सूचना के अनुसार दिनांक / पुन: कब्जे की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शंकर मार्केटिंग पीपुल्स | MOR0119 00428166 & MOR0119 00879667 | दुकान नं.31ए, ग्राउंड फ्लोर, भोपाल प्लाजा, लीज होल्ड लैंड रेवेन्यू सर्वे नं.409, 410, 1598/408, 1599/408, लक्ष्मी टॉकीज से बाल विहार रोड, वार्ड नं. 19, भोपाल (म.प्र.) स्थित | ₹ 50,15,176/- | 23-12-2022 / 27-07-2023 |

अधिनियम की धारा 13(8) में अपेक्षित अनुसार, हमारे द्वारा खर्च किए गए सभी लागत, प्रभार एवं व्यय के साथ हमारी बकाया राशि का भुगतान, बिक्री या स्थानांतरण की निर्दिष्ट तिथि से पहले किसी भी समय कर दिया जाता है, तो हमारी ओर से प्रतिभूत संपत्ति का विक्रय या स्थानांतरण नहीं किया जाएगा एवं उक्त प्रतिभूत परिसंपत्ति के स्थानांतरण या बिक्री के लिए हमारी ओर से आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

दिनांक : 27-07-2023
स्थान : भोपाल

हस्ते/-
प्राधिकृत अधिकारी
यस बैंक लिमिटेड



**कार्यालय नगर पालिक निगम, सागर**

क्रं./लोककर्म/न.नि./2023/35 सागर दिनांक 31/07/2023

**:: ऑनलाईन निविदा सूचना::**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्ड क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_UAD_295302_1 01.08.2023 2023_UAD_295303_1 | मधुकर शाह वार्ड में नेमा जी के घर से चौबे जी के घर तक सी.सी. सड़क एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (निगम निधि ) | 03 माह 7,97,341 =00 | 2,000=00 7,974=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |
| 2. | 01.08.2023 2023_UAD_295304_1 | मधुकरशाह वार्ड में स्मार्ट प्वाइंट के पीछे मिश्रा जी मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (निगम निधि ) | 03 माह 5,79,058=00 | 2,000=00 5,791=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |
| 3. | 01.08.2023 2023_UAD_295305_1 | मोतीनगर चौराहा के पास महाकवि पद्माकर सभागार (आडिटोरियम परिसर में ) भवन निर्माण कार्य (निगम निधि ) | 03 माह 2,97,115=00 | 2,000=00 2,972=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |
| 4. | 01.08.2023 2023_UAD_295306_1 | चन्द्रशेखर वार्ड में लक्ष्मी अगरबत्ती के पीछे आर.सी.सी. नाली निर्माण कर्य (निगम निधि ) | 04 माह 9,31,377=00 | 2,000=00 9,314=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |
| 5. | 01.08.2023 2023_UAD_295307_1 | शास्त्री वार्ड में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड नाली क्रास पाईप निर्माण कार्य (निगम निधि ) | 04 माह 17,42,548=00 | 2000=00 13,069=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |
| 6. | 01.08.2023 | नरयावली नाका वार्ड में महिलाओं के लिए सार्वजनिक जिम निर्माण कार्य (निगम निधि ) | 04 माह 26,57,929=00 | 5,000=00 19,934=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री, कृते आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर**

भोपाल, मंगलवार 1 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मानव तस्करी पर चिंताजनक रिपोर्ट

मानव तस्करी निषेध दिवस पर वर्ष 2016 से 2022 तक की जारी रिपोर्ट न केवल चिंताजनक है वरन वह विकास की पोल खोलती हुई भी नज़र आती है। यह रिपोर्ट रविवार को नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा उन्हीं के नाम से स्थापित चिल्ड्रेंस फाउंडेशन एवं एनजीओ गेम्स 24 गुणा 7 की ओर से जारी की गयी। इसे 'चाइल्ड ट्रेफिकिंग इन इंडिया: इनसाइट्स फ्रॉम सिचुएशनल डाटा एनालिसिस एंड दी नीड फॉर टेक ड्रिवन इंटरवेंशन स्ट्रेटेजी' के नाम से प्रकाशित किया गया है। इसमें 2016-22 के दौरान हुई मानव तस्करी के विस्तृत आंकड़े व विवरण तो दिये ही गये हैं, इस अपराध की रोकथाम के उपाय भी सुझाए गये हैं। आवश्यकता इस बात की है कि मानव तस्करी रोकने के लिये सम्बन्धित कानूनों का कड़ाई से पालन करने के साथ उन सामाजिक परिस्थितियों को समाप्त किया जाए जो इस समस्या के मूल में हैं। वैसे इस रिपोर्ट के अनुसार कोरोना के बाद मानव तस्करी में बेतहाशा इज़ाफ़ा दर्ज हुआ है, विशेषकर बच्चों की तस्करी के मामले में।

देश के 21 राज्यों और 262 जिलों में किये गये सर्वेक्षणों के आधार पर तैयार रिपोर्ट में ऐसे अनेक चिंताजनक खुलासे हुए हैं जिन पर सरकार को तत्काल संज्ञान लेने तथा समग्र समाज को इस समस्या से मुक्ति पाने के लिये कमर कसने की ज़रूरत है। इसमें बताया गया है कि उपरोक्त बतलाई गयी अवधि में ज्यादातर बच्चों की ही तस्करी हुई है लेकिन महामारी के पश्चात ऐसे मामलों में 68 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह साबित करता है कि बच्चे और उनके परिवार घोर गरीबी व भुखमरी के शिकार हुए हैं तभी उनके बच्चों को उनकी मर्जी से अथवा बिना सहमति या मर्जी के उनके गृह नगर, गांव या कस्बों को छोड़कर अन्य शहरों का रुख करना पड़ा। जाहिर है कि बड़े पैमाने पर बच्चों को उनके जीवन जीने और शिक्षा के अधिकार से वंचित होना पड़ा है।

रिपोर्ट बतलाती है कि 13 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के 15 फीसदी से अधिक बच्चे विभिन्न तरह की दुकानों, ढाबों एवं उद्योगों में काम करते हैं, तो वहीं 13 फीसदी कपड़े की दुकानों से आजीविका प्राप्त करते हैं। 11 फीसदी से ज्यादा बच्चे खुदरा दुकानों में काम करते हुए गुजारा कर रहे हैं। उपरोक्त उल्लेखित अवधि यानी 2016-22 के दौरान जिन बच्चों की तस्करी की गयी उनमें 13 फीसदी 9 से 12 वर्ष और 2 फीसदी 9 साल से कम उम्र के हैं। फाउंडेशन व सहयोगी संगठनों ने 13500 से ज्यादा बच्चों को उनके कामों (दुकानें, ढाबे, उद्योग) से छुड़ाया। जिन बच्चों को मुक्त कराया उनमें से 80 प्रतिशत 18 वर्ष से कम आयु के हैं जो यह बतलाने के लिये काफी है कि देश में बाल श्रम कानूनों का जमकर उल्लंघन हो रहा है। कुछ खतरनाक उद्योगों में भी काम करते हुए बच्चे मिले जिन्हें छुड़ाया गया। उत्तर प्रदेश, बिहार और आंध्र प्रदेश से सर्वाधिक बच्चों की तस्करी हुई। शहरों की बात करें तो जयपुर व दिल्ली में सबसे ज्यादा ऐसे बच्चों को विभिन्न तरह के कामों के लिये पहुंचाया गया।

रिपोर्ट समाज के इस दुखद पहलू की ओर भी ध्यान दिलाती है कि कोविड-19 ने देश में जो आर्थिक तबाही लाई है, उसका सीधा असर बच्चों पर भी पड़ा है। घर में रोटी कमाने वाले की मृत्यु होने या परिवार के मुखिया के रोजगार चले जाने जैसे कारण इसके पीछे हो सकते हैं जिसके चलते बच्चों के कोमल कांधों पर उनके अपने और सम्भवत: साथ में परिवारजनों के पेट भरने की जिम्मेदारी भी आन पड़ी होगी। पारिवारिक कलह भी एक कारण हो सकता है। चाहे जिन कारणों से भी बच्चों को घर छोड़कर कच्ची आयु में रोजी-रोटी के लिये संघर्ष करना पड़ा हो, बेशक यह स्थिति सरकार व समाज दोनों के ही लिये बहुत शर्मनाक है। यह भी ध्यान रहे कि यह देश की सच्चाई का एक बहुत छोटा सा हिस्सा है। असली तस्वीर इसके मुकाबले बहुत बड़ी है। घरेलू नौकरों के रूप में या सुदूर गांवों आदि में ले जाये गये तथा वहां काम करते हुए बच्चे प्रशासन की निगाहों से बच जाते हैं। उनके लिये कानून के उल्लंघन से अधिक महत्वपूर्ण दो जून की रोटी का जुगाड़ है। बहुत से बच्चे काम खो जाने के भय व अपनी ज़रूरत के चलते प्रशासन या उन्हें छुड़ाने वाले संगठनों से स्वयं की जानकारी को छिपा जाते हैं।

यह रिपोर्ट विकास के खोखलेपन को भी उजागर करती है और अनेक विसंगतियों को सामने लाती है। एक ओर तो भारत दुनिया भर में अपनी महानता और विशाल अर्थव्यवस्था होने का दावा करता फिर रहा है, वहीं यह रिपोर्ट इस बात का साक्ष्य है कि देश का सामाजिक सुरक्षा का ढांचा बेहद ढीला-ढाला है और मानव विकास से संबंधित कार्यक्रमों को लागू करने वाली व्यवस्था एकदम से प्रभावहीन है। जिन बच्चों को कल के हिन्दुस्तान की तस्वीर कहकर महिमा मंडित किया जाता है वे छोटी-मोटी दुकानों में राशन-परचून बेचते, ढाबों व खानपान के ठेलों के पीछे जूठे बर्तन मांजते, उद्योगों में काम करते हुए या ऐसे ही किसी असंगठित क्षेत्र में मेहनत-मजदूरी करते हुए अपने वर्तमान को स्वाहा कर रहे हैं। सरकार व समाज के पास उनके हाथों में किताबें थमाने व अच्छा जीवन देने की अब न तो इच्छा है और न ही समाज इसके लिये दृढ़ संकल्पित है। इस विश्वव्यापी (खासकर तीसरी दुनिया कहलाने वाले देशों की) समस्या की गम्भीरता को देखते हुए राष्ट्रसंघ ने माना है कि 'मानव तस्करी एक संगीन अपराध है और मानवाधिकार का बड़ा उल्लंघन है।' बच्चों को उनके अधिकार लौटाये बिना समृद्ध व खुशहाल देश की कल्पना करना बेकार है।

# मणिपुर खुद जल नहीं रहा है, जलाया जा रहा है!

*विपक्षी दलों के गठबंधन के सदस्यों का दौरा मात्र दिखावा है। जब पूर्ववर्ती सरकारों के शासन में मणिपुर जलता था, तब उन लोगों ने संसद में एक भी शब्द नहीं कहा, जो अब पूर्वोत्तर राज्य का दौरा कर रहे हैं।*
**—अनुराग ठाकुर**

मोदी सरकार में युवा मामलों तथा खेलों के मंत्री, अनुराग ठाकुर का ऊपर-उद्घृत वक्तव्य, चौबीस महत्वपूर्ण विपक्षी पार्टियों के मंच—इंडिया—के इक्कीस सांसदों की टीम के मणिपुर के दो दिन के दौरे को खारिज करने की अपनी बदहवासी में, सबसे बढ़कर इसी का सबूत पेश करता है कि मोदी के डबल इंजन राज से, मणिपुर के हालात को संभालने के लिए, कम से कम किसी भी तरह के बहुपक्षीय प्रयास की उम्मीद नहीं की जा सकती है। बहरहाल, यह विनाशकारी नकारात्मकता सिर्फ राजनीतिक बहुपक्षीयता का रास्ता बंद करने तक ही सीमित नहीं है। मणिपुर में शांति तथा सद्भाव का संदेश लेकर पहुंचे विपक्षी सांसदों के दल के राजधानी इम्फाल पहुंचने के मौके पर प्रायोजित तथाकथित शांति रैली, जिसका आयोजन मणिपुर इंटिग्रिटी समन्वय समिति या कोकोमी द्वारा किया गया था, जाहिर है कि शासन के अनुमोदन से, इसका खुलेआम ऐलान कर रही थी कि इथनिक-सामाजिक बहुपक्षीयता का रास्ता, असमान्य हालात के तीन महीने पूरे होने तक भी, कसकर बंद ही रखा जाना है।

खबरों के अनुसार, इस प्रधानत: मैतेई रैली का पूरा जोर यह साबित करने पर तो था ही कि सारी समस्या, कुकी-चिन समुदाय की खड़ी की हुई थी, जिसे उत्तर-पूर्व के संदर्भ में संघ की जानी-पहचानी शब्दावली में 'अवैध घुसपैठिए' बताया जा रहा था। इससे भी खतरनाक यह कि रैली में शामिल लोगों को इन कुकी-चिन घुसपैठियों को 'उखाड़कर संघर्ष खत्म करने' यानी उखाड़ने तक यह संघर्ष जारी रखने का संकल्प दिलाया जा रहा था। इन दोनों को जोड़कर देखें तो, एक ही नतीजे पर पहुंचना होगा कि मणिपुर की त्रासदी यह नहीं है कि वह जल रहा है, उसकी असली त्रासदी यह है कि उसे जान-बूझकर जलाया जा रहा है और जलाने वालों के ही हाथों में आज सत्ता है, देश में भी और प्रदेश में भी।

मणिपुर में 3 मई से जो हो रहा है और उत्तर-पूर्व के इस अभागे राज्य में, इससे पहले भी कई मौकों पर जो कुछ होता रहा है, उसमें यही गुणात्मक अंतर है। यह आज राज में जो बैठे हुए हैं, उनकी विफलता का मामला नहीं है, जैसा कि अब तक रहता आया है। इन विफलताओं के कारण बेशक पुराने और ऐतिहासिक हैं। यह राज्य विविधताओं तथा उसने जुड़े इथनिक टकरावों का ही नहीं, असंतुलनों का भी भंडार है। सबसे बड़ा असंतुलन तो यही कि मैतेई, जो आबादी का 52 फीसद से ज्यादा हिस्सा हैं, आर्थिक व शैक्षणिक-सांस्कृतिक दृष्टि से कहीं उन्नत हैं और परंपरागत रूप से हिंदू परंपराओं के निकट रहे हैं। मुख्यत: इम्फाल घाटी में संकेंद्रित हैं मैतेई पिछले एक दशक के करीब में बढ़ते पैमाने पर अपनी पहचान हिंदू के तौर पर कराने लगे हैं। वे करीब 20 फीसद जमीनों पर काबिज हैं और मोटे तौर पर विधानसभा की साठ से चालीस सीटें उनके हिस्से में आती हैं। दूसरी ओर, कुकी-जोमी तथा अन्य आदिवासी के रूप में मान्यता-प्राप्त समुदाय, जो मुख्यत: पहाड़ी इलाकों में रहते हैं, आर्थिक व सांस्कृतिक लिहाज से कम विकसित हैं, वन्य इलाकों में रहते हैं, बड़ी संख्या में खुद को ईसाई मानते हैं और विधानसभा की साठ में से कुछ बीस सीटें ही उनके लिए आरक्षित हैं।



राजेन्द्र शर्मा

> **इस राज्य में जहां परंपरागत रूप से, विशेष रूप से सभी आदिवासी ग्रुपों के अपने सशस्त्र संगठन रहे हैं, जिनमें से अनेक से युद्धविराम जैसे समझौते के जरिए हथियार रखवा कर पिछले दशकों में एक हद तक शांति भी कायम कर ली गयी थी, मैतेई समुदाय पर केंद्रित कर आरएसएस-भाजपा द्वारा पांव फैलाए जाने ने और फिर 2018 के चुनाव के बाद से भाजपा के जोड़-तोड़ से सत्ता पर काबिज होकर राज चलाए जाने ने, रुई पर तेल छिड़कने का ही काम किया है।**

इस राज्य में जहां परंपरागत रूप से, विशेष रूप से सभी आदिवासी ग्रुपों के अपने सशस्त्र संगठन रहे हैं, जिनमें से अनेक से युद्धविराम जैसे समझौते के जरिए हथियार रखवा कर पिछले दशकों में एक हद तक शांति भी कायम कर ली गयी थी, मैतेई समुदाय पर केंद्रित कर आरएसएस-भाजपा द्वारा पांव फैलाए जाने ने और फिर 2018 के चुनाव के बाद से भाजपा के जोड़-तोड़ से सत्ता पर काबिज होकर राज चलाए जाने ने, रुई पर तेल छिड़कने का ही काम किया है। इसी पृष्ठभूमि में अप्रैल के आखिर में आए, हाई कोर्ट के निर्देश ने, जिस पर बाद में सुप्रीम कोर्ट ने रोक भी लगा दी, मैतेई समुदाय को आदिवासी यानी अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने का एक तरह से आदेश ही देकर, माचिस दिखाने का काम किया। मैतेई समुदाय को आदिवासी दर्जा दिए जाने की इस संभावना के खिलाफ, जिसकी आशंकाओं को राज्य और केंद्र, दोनों में भाजपा सरकार की मौजूदगी और हवा ही देती थी, 3 मई को निकली आदिवासी ग्रुपों की विरोध रैली पर हमलों से जो हिंसा भड़की, उसने तेजी से राज्य में घाटी और पहाड़ी क्षेत्र के मुख्य समुदायों को, जैसे परस्पर युद्धरत राष्ट्रों में बदल दिया। चूंकि इस युद्ध की स्थिति के बीच व्यावहारिक मानों में पूरे राजतंत्र को और बहुत ही महत्वपूर्ण रूप से राज्य सरकार के तंत्र को, उसमें इथनिक आधार पर थोड़े-बहुत विभाजन के बावजूद, आम तौर पर बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के ही साथ खड़ा माना जा रहा था। इसके ऊपर से मुख्यमंत्री द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय को ही 'विदेशी घुसपैठियों' से लेकर 'नशा कारोबारी', आतंकवादी आदि, आदि करार दिए जाने का सिलसिला जारी था। इसने मणिपुर में शासन नाम की शायद ही कोई चीज छोड़ी है। और सारी विफलताओं के बावजूद, जिनमें राजधर्म का निर्वाह करने में विफलता सबसे बड़ी है, मोदीशाही द्वारा वर्तमान मुख्यमंत्री बिरेन सिंह को संरक्षण दिए जाने ने, इस गृहयुद्ध को रुकवाने में शासन की भूमिका को एक तरह से त्याग ही दिया है।

लेकिन, मणिपुर के संकट के संदर्भ में शासन का इस तरह लापता ही हो जाना, न तो संयोग है और न ही किसी भूल-चूक का मामला है। इस गैर-हाजिरी का तीन महीने लंबा इतिहास खुद इसकी गवाही देता है। बेशक, 3-4 मई से मणिपुर जब सुलगना शुरू हुआ, मोदी राज का पूरा ध्यान कर्नाटक में चुनाव प्रचार पर था। खुद प्रधानमंत्री मोदी, उनके नंबर दो तथा देश के गृहमंत्री, अमित शाह और एक प्रकार से उनकी पूरी की पूरी सरकार ही, कर्नाटक के चुनाव प्रचार में जुटे हुए थे। लेकिन, लोगों को हैरान करते हुए, कर्नाटक का चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद भी, मई के आखिर तक मणिपुर की मोदी राज ने, केंद्रीय बलों की संख्या बढ़ाने के अलावा, कोई खोज-खबर नहीं ली। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री को वहां के घटनाक्रम पर चिंता जताना और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करना तक, मंजूर नहीं हुआ। और तो और, जब बाकायदा युद्ध के जैसे हालात से विचलित, खुद सत्ताधारी पार्टी के विधायकों समेत, पक्ष-विपक्ष, सभी ओर के राजनीतिक नेताओं ने केंद्र से सक्रिय हस्तक्षेप की मांग करने के लिए दिल्ली के दौरे किए, पर प्रधानमंत्री को अपनी ही पार्टी के विधायकों तक से बात करने का समय नहीं मिला और वह कई दिन की विदेश यात्रा पर चले गए। मई के आखिर में, गृहमंत्री अमित शाह के तीन दिन के पहले दौरे से, अगर अल्पसंख्यक समूहों को थोड़ी-बहुत कुछ उम्मीद बंधी भी होगी, तो उसे भी राज्यपाल की अध्यक्षता में एक सर्वपक्षीय समिति बनाने जैसी उनकी घोषणाओं के साथ वास्तव में जो अगंभीर सलूक हुआ, उसने जल्द ही खत्म कर दिया। उनकी अपील के बावजूद, न लूटे गए हथियार लौटाए गए और न ही हिंसक हमले रुके। उल्टे प्रदर्शनकारियों द्वारा रास्ते रोके जाने के बल पर, सैन्य बलों को ही उनके शिविरों में कैद कर के रख दिया गया।

उसके बाद गुजरे दो महीनों में हालात में कोई उल्लेखनीय बदलाव नहीं आया है। हां! कुछ कुकी महिलाओं के साथ दरिंदगी का वीडियो वाइरल होने के बाद, संसद के मौजूदा सत्र की पूर्व-संध्या पर देश भर में दौड़ी विक्षोभ तथा वितृष्णा की लहर के बाद, प्रधानमंत्री को जरूर पहली बार मणिपुर की त्रासदी पर कुछ बोलना पड़ा है। लेकिन, वह बोलना भी इतना कम था कि उसमें संबंधित घटना पर दु:ख तथा क्षोभ जताने के साथ ही प्रधानमंत्री, विशेष रूप से विपक्ष-शासित राज्यों पर ऐसी घटनाओं के लिए हमला करने की ओर मुड़ गए। दूसरी ओर, उन्होंने न तो आम तौर पर मणिपुर की त्रासदी पर कोई दु:ख या पछतावा जताया और न ही लोगों से शांति व सौहार्द्र बनाए रखने की अपील तक की। प्रधानमंत्री का उक्त बयान भी चूंकि संसद में नहीं, संसद के दरवाजे पर ही दिया गया था, विपक्ष आज तक मणिपुर के संकट पर प्रधानमंत्री के बयान और उसके बाद संसद में उस पर बहस की मांग ही कर रहा है। इस सरासर न्यायसिद्ध मांग को हठपूर्वक ठुकराने के जरिए, मोदी राज ने संसद के एक और सत्र को पहले ही दिन से ठप्प कर रखा है। दूसरी ओर, विपक्ष समेत जनमत के विशाल हिस्से की सुस्पष्ट मांग के बावजूद, मोदी राज ने बिरेन सिंह को मुख्यमंत्री पद से नहीं हटाने का एक प्रकार से ऐलान ही कर दिया है।

लेकिन, यह सिर्फ प्रधानमंत्री के जवाबदेही से इंकार करने या अहंकार का ही मामला भी नहीं है। 2002 के गुजरात के नरसंहार और 2023 के मणिपुर के खून-खराबे में इतनी सारी समानताएं, जिनमें अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को सार्वजनिक रूप से यौन हिंसा का निशाना बनाया जाना भी शामिल है, कोई संयोग से ही नही प्रकट हो गयी हैं। इनके पीछे, बहुसंख्यक समुदाय के राजनीतिक समर्थन के सांप्रदायिक सुदृढ़ीकरण की बहुत ही सोची-समझी रणनीति है। सब कुछ के बावजूद, इस अभियान के बीच से संघ-भाजपा मेइतेई समुदाय के बीच अपनी पकड़, पहले से मजबूत होने की ही उम्मीद रखते हैं। रही बाकी सब लोगों की बात, तो उन्हें शासन के डंडे से ठोक-पीटकर झुकाने में कुछ समय भले ही लग जाए, लेकिन देर-सबेर कुछ न कुछ कामयाबी भी मिल ही जाएगी। और शासन के डंडे से ठोक-पीट के लिए अल्पसंख्यकों को विदेशी या घुसपैठिया या आतंकवादी, करार दे देना ही काफी है। पूर्व-थल सेनाध्यक्ष, जनरल नरवणे ने 'मणिपुर हिंसा में विदेशी एजेंसियों के हाथ' की अटकलों को हवा देने के जरिए, इसके लिए रास्ता और साफ कर दिया है। यह गुजरात का आजमूदा फार्मूला है, जो कश्मीर में एक हद तक कामयाब आजमाइश के साथ, अब मणिपुर में आजमाया जा रहा है। मणिपुर, खुद जल नहीं है, मणिपुर जलाया जा रहा है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# मोदी सरकार का असली इरादा है कांग्रेस पर नकेल कसना

**■ अरुण श्रीवास्तव**

कोई भी गारंटी नहीं दे सकता है कि मोदी सरकार 15 सितंबर को प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय कुमार मिश्र के कार्यकाल की ताजा विस्तारित अवधि समाप्त होने से ठीक पहले सुप्रीम कोर्ट के सामने दोबारा पेश नहीं होगी यह अनुरोध करने के लिए कि उनका कार्यकाल फिर से बढ़ाने की अनुमति दी जाये, इस दलील पर कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा और संरक्षण करने और भारत को खराब छवि में दिखाने के कुछ देशों के नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए यह आवश्यक है।

ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर-जनरल एसवी राजू ने कहा कि कुछ देश हैं जो यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स, अंतरराष्ट्रीय मनी-लॉन्ड्रिंग और अन्य वित्तीय मामलों पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था) की ग्रे सूची में आ जाये। इसके मद्देनजर मिश्रा की विशेषज्ञता की आवश्यकता थी। राजू ने कहा कि- वह उन देशों का नाम लेने से बच रहे हैं जो भारत को ग्रे सूची में डालना चाहते हैं।

राजू की बात में दम लगता है। लेकिन साथ ही यह सवाल भी उठता है कि जिस व्यक्ति का कार्यकाल पहले ही तीन बार बढ़ाया जा चुका है उसे यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी फिर क्यों सौंपी जानी चाहिए? यदि कोई इस बात से सहमत भी हो कि सभी अधिकारियों में से वह एकमात्र अधिकारी हैं जिसके पास विशेषज्ञता है, तो फिर उसे यही कार्य क्यों नहीं सौंपा गया?

> **भाजपा शासन के दौरान, राष्ट्रीय हित की ज़ोरदार घोषणाओं और राष्ट्रवाद का राग अलापना केंद्र में आ गया है। मोदी के कई आलोचक देशद्रोह के आरोप में जेल में हैं। 27 जुलाई को, मिश्र को सेवा विस्तार देने के लिए शीर्ष अदालत से अनुरोध करते समय, मोदी सरकार राष्ट्रीय हित से पीछे हटते हुए, वही कार्ड खेल रही थी।**

भाजपा शासन के दौरान, राष्ट्रीय हित की ज़ोरदार घोषणाओं और राष्ट्रवाद का राग अलापना केंद्र में आ गया है। मोदी के कई आलोचक देशद्रोह के आरोप में जेल में हैं। 27 जुलाई को, मिश्र को सेवा विस्तार देने के लिए शीर्ष अदालत से अनुरोध करते समय, मोदी सरकार राष्ट्रीय हित से पीछे हटते हुए, वही कार्ड खेल रही थी।

यदि एफएटीएफ देश की प्रतिष्ठा और छवि के लिए महत्वपूर्ण था, तो मोदी सरकार को 11 जुलाई को अपनी पूरी तर्कशक्ति इसके पीछे लगानी चाहिए थी और इस मुद्दे पर विस्तार की मांग करनी चाहिए थी, जैसा कि उसने बाद में 27 जुलाई को किया था।

एक चतुर चाल में, मोदी सरकार ने 11 जुलाई को इस मुद्दे पर आक्रामक तरीके से बहस नहीं की। उस दिन, सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा था कि इस साल एफएटीएफ द्वारा की जा रही समीक्षा के मद्देनजर और सुचारु परिवर्तन को सक्षम करने के लिए, मिश्र का कार्यकाल 31 जुलाई तक रहेगा। अगर मोदी सरकार के मुताबिक मिश्र का पद पर बने रहना वाकई जरूरी था तो उस दिन मजबूती से बहस करके कोर्ट को मनाना चाहिए था। लेकिन कोई दबाव न डालकर उसने अपने विकल्प खुले रखे।

26 दलों के विपक्षी मोर्चे इंडिया के गठन के साथ, विपक्ष पर आतंक का राज कायम करने के लिए मिश्र मोदी के लिए सबसे अच्छा दांव हैं। शीर्ष अदालत ने विस्तार की मांग के लिए मोदी सरकार से सवाल किया, उसने यह भी पूछा कि- क्या मौजूदा प्रमुख को छोड़कर पूरा विभाग 'अक्षम लोगों से भरा हुआ है' और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से जानना चाहा : 'क्या हम इसकी तस्वीर नहीं दे रहे हैं कि कोई दूसरा योग्य व्यक्ति नहीं है और पूरा विभाग अयोग्य लोगों से भरा पड़ा है?'

देश के लोग मोदी द्वारा अपने विरोधियों को आतंकित और पीड़ित करने के लिए ईडी के क्रूर उपयोग के गवाह रहे हैं, चाहे वे किसी भी क्षेत्र से संबंधित हों -राजनीति, शिक्षाविद, असैन्य समाज, या स्वतंत्र मीडिया। मूलरूप से ईडी के दुरुपयोग के उनके तरीके ने याचिकाकर्ताओं को शीर्ष अदालत का रुख करने के लिए मजबूर किया था।

मोदी सरकार के मुताबिक, मिश्र साल 2020 की शुरुआत से ही एफएटीएफ के पारस्परिक मूल्यांकन के लिए दस्तावेज तैयार करने और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में लगे हुए हैं। जाहिर है, कुछ और शीर्ष अधिकारी निश्चित रूप से उनकी सहायता कर रहे होंगे। ये अधिकारी स्वाभाविक रूप से नये ईडी बॉस की सहायता कर सकते थे। यह सामान्य अभ्यास रहा है। अदालत के आदेश का उपयोग राज्य सरकारों द्वारा शासक की पसंद के व्यक्ति को उसके सेवानिवृत्त होने के बावजूद पद पर रखने के लिए भी किया जा सकता है।

कुछ साल पहले ही पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव अलपन बंद्योपाध्याय को केंद्र सरकार ने वापस बुला लिया था और लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में प्रतिनियुक्त कर दिया था। चक्रवात के प्रभाव पर नरेंद्र मोदी के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ देर से पहुंचने के लिए उन्हें दंडित किया गया था। नवीनतम आदेश के अनुसार, कोई भी मुख्यमंत्री वांछित लाभ पाने के लिए अदालत का रुख कर सकता है।

11 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि मिश्र को नवंबर 2021 और नवंबर 2022 में दिये गये दो विस्तार अवैध थे। हालांकि, उन्हें 31 जुलाई तक पद पर बने रहने की अनुमति दी गई थी। गौरतलब है कि वरिष्ठ वकील एएम सिंघवी ने कहा कि- सरकार का आवेदन 11 जुलाई के फैसले की 'छिपे तौर पर समीक्षा' है। 'केंद्र को यह कहते हुए देखना बहुत दुखद है कि देश का भविष्य एक आदमी के कंधों पर है। यह मंत्रालय के अधिकारी, राजस्व सचिव हैं, न कि ईडी निदेशक, जो एफएटीएफ के साथ जुड़ते हैं,' सिंघवी ने कहा।

जुलाई की सुनवाई से पहले भी, शीर्ष अदालत के न्यायमूर्ति बी.आर.गवई ने एक विशेष सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर-जनरल तुषार मेहता से पूछा : 'हम जानना चाहते हैं कि क्या पूरा विभाग अक्षम लोगों से भरा है? मान लीजिए कि अगर मैं सीजेआई हूं, तो क्या अगर मैं सीजेआई के रूप में जारी नहीं रह पाऊंगा तो क्या सुप्रीम कोर्ट ढह जायेगा?' पीठ ने आश्चर्य जताया कि केंद्र फिर से विस्तार के लिए आवेदन कैसे दे सकता है!

इस स्तर पर भी, अदालत एफएटीएफ कार्य को ईडी की नियमित जिम्मेदारियों से अलग कर सकती है और सरकार को एक नया ईडी लाने का निर्देश दे सकती है और मिश्रा को एफएटीएफ कार्य पूरा करने दे सकती है। एफएटीएफ की ग्रे सूची में होने का मतलब है कि कोई देश वित्तीय अपराधों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है, जिससे वैश्विक समुदाय में उसकी स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। राजू ने कहा कि- यदि विस्तार नहीं दिया गया तो इससे प्रतिष्ठा को नुकसान होगा, मनी लॉन्ड्रिंग जांच प्रभावित होगी और देश की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

यह विश्वास करना भोलापन होगा कि मिश्र अपने प्रवास के 45 दिनों के भीतर भारत की छवि को उज्ज्वल कर देंगे और कलंक को मिटा देंगे। फिर कैसा संयोग है कि जिस दिन सुप्रीम कोर्ट ने मिश्र को सेवा विस्तार दिया, उसी दिन राजस्थान में एक रैली में बोलते हुए मोदी ने कांग्रेस नेतृत्व पर नकेल कसने के अपने इरादे स्पष्ट कर दिया। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को चेतावनी देते हुए कहा, 'कहा जाता है कि बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा की इस 'लाल डायरी' में कांग्रेस सरकार के काले कारनामों का रिकॉर्ड है। लोग कह रहे हैं कि अगर 'लाल डायरी' के पन्ने खोले जाएं तो अच्छे-अच्छे निपट जायेंगे'। मोदी ने कहा कि- दस्तावेज़ में दर्ज काले कारनामे साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार का कारण बनेंगे, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि -लाल डायरी कांग्रेस की 'लूट की दुकान' का ताज़ा उत्पाद है, और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार होगी। 'राजस्थान में सरकार चलाने के नाम पर, कांग्रेस ने झूठ के बाजार में लूट की दुकान स्थापित की है। इस लूट की दुकान का नवीनतम उत्पाद राजस्थान की लाल डायरी है,' मोदी ने कहा।

## गुरवाणी विचार

# घटि घटि में हरि जी औ बसे संतन कहयो पुकार

काम, क्रोध, लोभ, झूठ, निंदा-इन ते आप छड़ावहो।
इह भीतर ते इनको डारहो, आपन निकटि बुलावहो।
अपनी विधि आप जनावहो, हरि जन मंगल गावहो।
बिसर नाही कबहुं हीये ते इह विधि मन माहि पावहो।
गुरु पूरा भेटिओ वडभागी जन नानक कतहि धाहो।

गुरवाणी की यह पंक्तियां सोरठ राग से ली गई है जो गुरुग्रंथ साहिब के 617 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक अर्जुन देवजी समस्त मानवों की तरफ से प्रभु परमात्मा से प्रार्थना कर रहे हैं कि हे प्रभु काम, क्रोध, लोभ, झूठ, निंदा इत्यादि जो बेकार हैं। इन सब से मुझे छुड़ा कर अपने चरणों में ले लेवें। ये पांच विकार हमें अपने वश में करना चाहते हैं और हर वक्त हम पर हावी होते रहते हैं। इनसे पूर्णरूप से तो छुटकारा नहीं पाया जा सकता पर प्रभु कृपा हो जाने पर इन पर काबू पाया जा सकता है और यह संभव भी तभी है जब प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष कृपा हो जाए। थोड़े-थोड़े रूप में हमें इन विकारों की भी जरूरत रहती है। अपने और अपने परिवार का उदर-पोषण करने हेतु धन की आवश्यकता होती है इसलिए लोभ और मोह थोड़ी मात्रा में जरूरी है अगर हम बिलकुल शांति से रहना चाहेंगे तो दुनिया हमें जीने नहीं देगी सांप अगर शांत रहे तो लोग पत्थर मार-मार कर अधमरा कर देंगे। इसलिए अपनी रक्षा करने हेतु उसको भी फुंफकारना पड़ता है। इसलिए हमें भी थोड़ी मात्रा में क्रोध की आवश्यकता होती है पर अधिक क्रोध अच्छा नहीं होता इसलिए प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहना चाहिए इन पांचों बटमारों को हम तभी वश में कर पाएंगे जब हम पर प्रभु परमात्मा की कृपा हो जाएगी। इसलिए हमें प्रभु परमात्मा अपना वरदहस्त रख देवें ताकि हम इनसे निजात पा लेवें।

तुम करो दया मेरे साईं,
ऐसी मति दीजै मेरे ठाकुर
सदा सदा तुझ धिआई।

प्रभु परमात्मा अपने भक्तों की स्वयं देखरेख करते रहते हैं और उन्हें प्रेरणा देते रहते हैं कि वे इस तरह साध संगत में जाकर प्रभु सिमरन में मन रमाएं।

अपने सेवक की आपे राखे आपे नाम जपावें।
जै जै कार किरत सेवक की ताहि ताहि उठ धावैं।

इस समस्त संसार की रचना प्रभु परमात्मा ने की है और रचना करने के बाद हर एक में विराजमान रहकर अपनी-अपनी गतिविधि का निरीक्षण करता रहता है। सुनार सोने के गहने बनाने तक या उसके बिकने तक ही उसमें मोह रखता है पर प्रभु अपनी रचना के अंदर हर वक्त बिराजमान रहता है।

घटि घटि में हरि जी औ बसे संतन कहयो पुकार।

इसलिए हमें चाहिए कि हम हर वक्त उस प्रभु परमात्मा की सिफत सलाह के गीत गाते रहें अर्थात उसकी सिमरन बंदगी में जुड़े रहें पर हमारे बहुत ही अच्छे भाग्य हों तभी हमारे मन की ऐसी स्थिति बन पाएगी। जब हमारे मन से मैं मैं की भावना खत्म हो जाएगी और जो किछ किया सो तूं किया। ऐसी स्थिति बन जाएगी तभी हमारा कल्याण हो पाएगा। इसी बात को भक्त कबीर दास जी इस तरह समझा रहे हैं-

कबीर मैं मैं करता तूं हुआ मुझमें रहा न मुआ।।
जब आपा पर का मिट गया जहां देखां तां तूं।।

इसलिए हमें मानव जीवन पाने का पूर्णरूप से लाभ उठाते हुए सब तरफ से ध्यान हटाकर प्रभु सिमरन में मन लगाए रखना चाहिए। अपना और अपने परिवार का उदर पोषण हेतु कार-विहार भी करना है पर मन हर वक्त प्रभु परमात्मा से जोड़े रखना है।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# अमेरिका के चुनाव की दौड़ में भारतवंशियों की शीर्ष पद पर निगहबानी

अमेरिका की राजनीति में भारतीय मूल के उम्मीदवारो की हिस्सेदारी बढ़ती जा रही है। दुनिया की महाशक्ति अमेरिका की राष्ट्रीय राजनीति में भारतवंशियों के बढ़ते प्रभुत्व से भारत की साख में वृद्धि हुई है। उपराष्टपति पद पर आरूढ़ भारतीय मूल की कमला हैरिस की साफ सुथरी छवि पर अमेरिका का भारतीयमूल के लोगोम पर बढ़ता भरोसा दुनिया में भारत की इमेज बढ़ती जा रही है। दरअसल, ब्रिटेन की सत्ता में ऋषि सुनक की राष्ट्रपति पद की दौड़ में कायमाबी मिलना भारत की साख पर चार चांद लग गया है। अमेरिका की राजनीति और सरकारी अधिकारियों की लंबी लिस्ट है। भारतीय मूल के प्रवासियों ने अमेरिका वासियों का दिल जीतने में सफलता हासिल की है, यह भारत की सफलता है। अमेरिका में 2024 में राष्ट्रपति के लिए उम्मीदवारों में तीन भारतवंशी होने का गर्व महसूस हो रहा है। बाइडन ने यहां तक कहा है कि आप भारतीय मूल के राष्ट्रपति लाइए। हम बनाने के लिए तैयार हैं। यह भारतवंशियों की साफगोई की निशानी है। आज जहां भी जाते है भारत की जयकारे सुनने को मिलते हैं। राष्ट्रपति पद के लिए तीन उम्मीदवारों में हर्षवर्धन सिंह, विवेक रामा स्वामी और निक्की हेली चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार बनाए गए है। निक्की हेली तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रही है। एयरोपेस फार्मा उद्यमी जैसे उम्मीदवारों और महिला उम्मीदवार में से किसी एक की जीत होती है और अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के सारे रास्ते स्पष्ट होते है और कामयाबी हासिल होती है तो भारत के लिए स्वर्णयुग हो सकता है। भारत की साख में चार चांद लग सकते हैं। किसी तानाशाही शासक की हिम्मत नहीं होगी कि वे भारत को धमका सके। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले राष्ट्रपति बन चुके हैं। इस बार फिर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने जा रहे है। उनके वोट प्रतिशत में 59 फीसद है। इस दौड़ में अन्य उम्मीदवारों की आशा धुंधली बताई जा रही है। हार जीत के कोई मायने नहीं है परन्तु अमेरिका का राष्ट्रपति बनने की तमन्ना हर कोई उम्मीदवार की रहती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### लेखापाल चंद्रवंशी हुए सेवानिवृत्त, समारोह आयोजित कर दी विदाई



**गैरतगंज, देशबन्धु।** सीएम राइज़ शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैरतगंज में लेखापाल के पद पर पदस्थ वृंदावन चंद्रवंशी सेवानिवृत्त हो गए है उन्होने अपनी 33 वर्ष की महत्वपूर्ण सेवाएँ शिक्षा विभाग को दी । इनके द्वारा विभाग को दी गई अपनी सेवाएं सराहनीय रही है सेवानिवृत्त हुए चंद्रवंशी ने पूरे सेवाकाल को बड़ी ही लगन पूर्वक ईमानदारी से कर्तव्यनिष्ठा से शिक्षण एवं संस्था के अन्य कार्य किए। उनके सेवानिवृत्त होने पर कार्यक्रम मे मौजूद स्कूल के प्राचार्य सुनील कुमार रजक, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य पीसी दिवार सहित अन्य साथी स्टाफ एवं शिक्षको ने कहा कि चंद्रवंशी की कमी विभाग को हमेशा खलेगी । वे एक उत्कृष्ट कर्मचारी के उदाहरण बने हैं । उन्होने श्री चंद्रवंशी की सेवानिवृत्त पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी है।

### छेड़छाड़ से आहत किशोरी आत्महत्या मामले में आरोपियों को भेजा जेल

**सिरोंज, देशबन्धु।** लटेरी में कल कुशवाहा समाज की एक किशोरी द्वारा छेड़छाड़ से आहत होकर आत्महत्या किए जाने के मामले में नगर में माहौल गरमा गया था। लोगों ने इस घटना को लेकर जमकर हंगामा भी किया। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी काशीराम कुशवाहा ने बताया कि सारी स्थिति नियंत्रण में है और जगह-जगह पुलिस बल अभी भी तैनात किया गया है।

### कांग्रेस केश शिल्पी प्रकोष्ठ का प्रांतीय सम्मेलन 8 को राजधानी में



**सिरोंज, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस केश शिल्पी प्रकोष्ठ का एक दिवसीय केश शिल्पी परिवार जन संवाद प्रांतीय सम्मेलन 8 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे से मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के प्रदेश कांग्रेस मुख्यालयमें आयोजित किया गया हैं। प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व कार्यक्रम के संयोजक विनोद सेन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन में मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रतिपक्ष नेता डॉक्टर गोविंद सिंह, मप्र शासन के पूर्व मंत्रीगण सज्जन सिंह वर्मा आदि कई नेता मौजूद रहेंगे।

महिला स्व सहायता समूह की हड़ताल, स्कूल में न मध्यान्ह भोजन मिला न पीने का पानी

# पार्षद ने अपने खर्चे पर कराई व्यवस्था, बांटे बिस्किट के पैकेट



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में सोमवार को मध्यान्ह भोजन वितरण नहीं हुआ साथ ही यहां बच्चों को पानी भी नहीं मिल सका। यहां प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल में लगभग 200 से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं। हालांकि वार्ड पार्षद को जब इसकी खबर लगी तो उन्होंने तत्काल पीने के पानी की व्यवस्था कराई और बच्चों को बिस्किट के पैकेट वितरित किए। बताया जाता है कि तहसील के सभी महिला स्वसहायता समूह जो स्कूलों आगनबाड़ियों में मध्यान्ह भोजन देते हैं उन्होंने वेतन बढ़ाने को लेकर सामूहिक हड़ताल कर दी। इसी के चलते शासकीय माध्यमिक शाला में जो महिला स्व सहायता समूह है उसने भी मध्यान भोजन नहीं दिया। स्कूल में बच्चों के पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। मध्यान भोजन वाले ही स्टील की पानी की टंकी में पानी भरकर रखते हैं। उससे ही बच्चे पानी पीते हैं। इससके बच्चों को पीने का पानी तक नसीब नही हुआ। वार्ड नंबर 8 के पार्षद मोहम्मद अशफाक मंसूरी को जब जानकारी लगी की स्कूल में मध्यान्ह भोजन का वितरण नहीं हुआ और पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं है जिससे बच्चे भूख प्यास से परेशान है इस पर पार्षद स्कूल पहुंचे और सभी बच्चों को अपने खुद के खर्चे पर बिस्कुट के पैकिट बंटवाए और पानी की केन रखवाई। स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पार्षद मोहम्मद अशफाक मंसूरी की इस पहल की सराहना की। स्कूल में पीने के पानी की समस्या को लेकर प्रधानाध्यापक बनप सिंह मुहासे से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि हमने इस विषय में नगर परिषद को लिखा था लेकिन अभी तक कोई व्यवस्था नहीं कराई।

#### इनका कहना है

पूर्व में अगर स्व सहायता समूह अध्यक्ष हमें अवगत करा देते कि हम हड़ताल करेंगे तो पीने के पानी की व्यवस्था तो करवा देते। मैंने बीआरसी को अवगत करा दिया है।

**बनप सिंह मुहासे, प्रधान अध्यापक, शासकीय माध्यमिक शाला भेरुन्दा**

वरिष्ठ कार्यालय को अवगत करा दिया गया है जो भी वहां से कार्रवाई होगी वह मान्य होगी।

**अशोक कुमार सेन, जनशिक्षक भेरुन्दा**

मुझे जैसे ही जानकारी लगी मैं तुरंत स्कूल आया। जहां देखा तो बच्चे भूख और प्यास से परेशान थे। शिक्षकों से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि आज स्वासहायता समूह मध्यान्ह भोजन बनाने वाले हड़ताल पर हैं। पहले से कोई अवगत नहीं कराया। तुरंत मैंने पीने के पानी की केन बुलाई और बिस्कुट के पैकेट बुलवाएं और सभी स्कूली बच्चों को वितरण कराए ।

**मो .अशफाक मंसूरी, पार्षद वार्ड क्रमांक 8 रॉयल मार्केट नगर परिषद भेरुन्दा**

# भीड़भाड़ वाली जगहों से मोबाईल चोरी करने वाला गिरोह पकड़ाया



▸ 61 मोबाईल, 3 मोटरसाइकिल समेत 15 लाख से अधिक का सामान बरामद

**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** थाना गोपालपुर व थाना भैरुंदा पुलिस द्वारा चोरों को पकड़ने की गई संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने भीड़भाड़ वाली जगहों से मोबाईल चोरी करने वाला गिरोह को पकड़ा है। आरोपियों के पास से 61 मोबाईल, 3 मोटरसाइकिल समेत करीब 15 लाख रुपए से अधिक का सामान बरामद किया है। पुलिस थाना गोपालपुर व थाना भैरुंदा की टीम द्वारा 23 जुलाई को कस्बा गोपालपुर से चोरी गये मोबाईल मे आरोपी कोहिनूर उर्फ कुनाल उम्र 20 साल निवासी नई बस्ती गांधीनगर भोपाल, सुक्कट्टी गुजराती पारदी उम्र 19 साल निवासी घोरपुर इलाहबाद हाल गांधी नगर भोपाल, दीपक पारदी उम्र 19 साल निवासी मुरादपुर थाना धरनाबद जिला गुना, कबीर उर्फ कवीन्द्र परमार पारदी उम्र 23 साल निवासी एहसान नगर करोंद भोपाल, अलकइया पारदी उम्र 21 साल निवासी पारदी बस्ती महानीम चौराहा शमशाबाद जिला विदिशा व अन्य 3 बाल अपराधी से जूर्म संबंधी पूछताछ की गई। जिन्होने अपना जुर्म स्वीकार कर चोरी का सामान गोपालपुर के 20 मोबाईल व अन्य जगहों से चोरी गये 41 मोबाइल कीमत लगभग 12,55,000 लाख तथा घटना में प्रयुक्त 3 मोटर सायकल की कीमत लगभग 3,20,000 रुपये की जप्त की गई। तथा शेष आरोपी चपला पारदी की तलाश जारी है। 25 जुलाई को फरियादी साहिल शाह निवासी जामा मस्जिद के पास थाना भैरुंदा ने थाने मे रिपोर्ट कराई थी कि 23 जुलाई कस्बा गोपालपुर में कार्यक्रम में शामिल होने गया था, जहा से मेरा मोबाइल विवो कंपनी का चुरा लिया है। उसी दिन अन्य फरियादियों द्वारा अपने मोबाइल अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट की। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर पांडागांव से तीन संदिग्ध लड़कों को पकड़ा जिन्होने घटना दिनांक को मोबाईल चुराना स्वीकार कर चुराए हुए मोबाइल जप्त कराए। उनसे पूछताछ के आधार पर आरोपियों के अन्य आरोपी साथियों को गांधीनगर भोपाल से पकड़कर पुछताछ कर मोबाईल तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त किया गया। आरोपियों से गोपालपुर से चोरी गये 20 मोबाईल व अन्य जगहों से चोरी किये 41 मोबाईल कुल 61 मोबाईल कीमती करीबन 12,55,000 रुपये व 3 मोटर सायकल कीमती करीबन 3,20,000 रुपये की कुल 15,75,000 रुपये का सामान जप्त किया गया। आरोपी बाजार हाट, रैली, धार्मिक आयोजन व अन्य भीड़भाड़ वाली जगहो से मोबाईल चोरी करते थे और कोलकाता के रास्ते बांग्लादेश बेचते थे। इस कार्रवाई में निरीक्षक सुश्रीकंचन सिंह ठाकुर थाना प्रभारी भैरुंदा व निरीषक. आर. के. व्यास थाना प्रभारी गोपालपुर, उनि शैलेनद्र सिंह तोमर थाना प्रभारी दोराहा, सउनि मनोहर सिंह ठाकुर थाना गोपालपुर, सउनि मुकेश सिंह थाना भैरुंदा, सउनि भवानी सिंह सिकरवार चौकी प्रभारी लाडकुई थाना भैरुंदा, आर. संजय सिंह राजपूत, आर. राहुल बघेल, आर रविन्द्र मैहर, आर. दीपक जाटव थाना भैरुंदा व प्र. आर. योगेश भावसार सायवर सेल सीहोर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सेवानिवृत्त पर प्रधानाध्यापक का सम्मान कर दी विदाई



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** घर घर जाकर बच्चों को शाला बुलाकर लाना और फिर उनको शिक्षा देना लगभग रोज का ही काम था। बालिका शिक्षित हो इसके लिए विशेष रूप से प्रयास करने वाले शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी के प्रधानाध्यापक रामकरण सिंह रघुवंशी सेवानिवृत्त हो गए। उनको समारोह में साल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई।

इस अवसर पर शासकीय उमाविद्यालय नौघई के प्राचार्य संजीव टंडन ने कहा एक शिक्षक या गुरू राष्ट्, निर्माता होता है यह ऐसा पद है जो कभी सेवानिवृत्त नही होता बस कार्य क्षेत्र बदल जाते है। गांधी चौक संकुल प्राचार्य प्रतिनिधि गोविंद सिंह राजपूत और समाजसेवी नारायण सिंह रघुवंशी ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके द्वारा किऐ गये नवाचारो की चर्चा की। योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने सभी शिक्षक अध्यापकों से रामकरण के आदर्श अपनाकर अपने अपने शालाओं में बेहतर शिक्षण कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को राजेश रिछारिया, शिवेंद्र शाक्य, अनूप कुमार दुबे, मोनिका विजोले ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रज्ञानंद जाटव, रोहित दांगी ने व्यक्त किया । इस अवसर पर मेहरबान सिंह, फेरन सिंह, गोविंद सिंह लोधी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# महावीरपुरा से भिलाई के प्रोफेसर की बोलेरो चोरी



**मुरैना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत महावीर पुरा इलाके से बीती रात अज्ञात चोर एक बोलेरो चोरी कर ले गए फरियादी द्वारा सोमवार की सुबह कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर बोलेरो की तलाश की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रोफेसर रुपेश गुप्ता पुत्र गोपाल दास गुप्ता निवासी भिलाई छत्तीसगढ़ अपने मामा राधा मोहन गुप्ता के यहाँ गमी में फेरा करने आये हुए थे तथा रात को वहीं विश्राम कर रहे थे और बोलेरो को साइड में खड़ा कर दिया था। देर रात्रि को अज्ञात चोर बोलेरो गाड़ी को चोरी कर ले गए। सुबह जब देखा तो गाड़ी गायब थी। फरियादी प्रोफेसर ने अपने रिश्तेदारों के साथ कोतवाली पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर बोलेरो की तलाश की जा रही है।

# नीलकंठेश्वर महादेव को पहनाई सवा क्विंटल फूलों की माला

▸ सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण आयोजन के समापन पर कावड़ियों के साथ निकली महाकाल की सवारी



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग और 12 ज्योतिर्लिंग निर्माण के महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद सोमवार को गाजे बाजे के साथ बाबा महाकाल की सवारी की शोभा यात्रा कावड़ियों के साथ मानस भवन से नगर का भ्रमण कर उदयपुर होते हुए मूड़री आश्रम के लिए रवाना हुई। कावड़ ले जा रहे कांवड़ियों और बाबा महाकाल की सवारी के साथ चल रहे संतों का जगह जगह श्रद्धालुओं ने हार फूल मालाओं से स्वागत किया। महाकाल की सवारी के उदयपुर पहुंचने पर भगवान नीलकंठेश्वर महादेव को सवा क्विंटल फूलों की माला पहनाई गई। उदयपुर में भी शिव भक्तों ने बाबा महाकाल की सवारी का अद्भुत स्वागत सत्कार किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा बाबा महाकाल की आरती उतारी गई। मालूम हो कि मानस भवन में आयोजित हुए सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग और 12 ज्योतिर्लिंग निर्माण के उपलक्ष्य में नगर में निकली कलश यात्रा के दौरान उज्जैन से आए अखाड़ा और बाबा महाकाल की सवारी खासी आकर्षण का केंद्र रही थी। नगर भ्रमण के दौरान बाबा महाकाल की सवारी का श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर स्वागत किया था।

आयोजन स्थल पर पूरे कार्यक्रम के दौरान मंच पर रखी गई उज्जैन से आई बाबा महाकाल की प्रतिमा श्रद्धालुओं में आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के समापन पर सोमवार को कावड़ यात्रा के साथ बाबा महाकाल की सवारी मानस भवन से होते हुए जय स्तंभ, बरेठ रोड, हथोड़ा और बरेठ होते हुए उदयपुर पहुंची जहां कांवडयों ने कांवड़ में भर जल भगवान नीलकंठेश्वर महादेव पर अर्पित किया और सवा कुंटल फूलों की माला पहनाई।

### सब इंस्पेक्टर पांडेय एवं एएसआई को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई



**मुरैना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली में पदस्थ सब इंस्पेक्टर इंद्रदेव पांडे एवं सहायक उपनिरीक्षक प्रेम नारायण को पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने पर थाना प्रभारी एवं समस्त स्टाफ द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने सब इंस्पेक्टर पांडेय एवं एएसआई प्रेम नारायण द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने कर्तव्य निष्ठा के साथ अपना कार्य किया और मुझे भी काफी सहयोग मिला।

बारिश में जौरा रोड बनी जानलेवा

# सरसों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, किसान का भारी नुकसान

▸ नगर निगम नहीं कर रहा समस्या का निराकरण



**मुरैना, देशबन्धु।** शहर के बैरियर चौराहा से लेकर पीएसयू कॉलेज तक जौरा मार्ग की हालत काफी दयनीय है और बारिश में तो यहां का हाल इतना बुरा है कि आम आदमी का पैदल चलना तो दूर वाहनों का निकलना भी दुश्वार हो गया है। पूर्व में पानी के निकास को लेकर कई बार आमजन द्वारा पानी में बैठकर धरना प्रदर्शन किया गया, परंतु निगम प्रशासन द्वारा अभी तक इस समस्या का निराकरण नहीं किया गया है। सोमवार की सुबह बारिश का पानी सड? पर भरा रहने के चलते सरसों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई, जिससे किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह 9ः30 बजे के लगभग जौरा का एक किसान देवव्रत अपने ट्रैक्टर ट्रॉली से सरसों भरकर मुरैना कृषि उपज मंडी में बेचने के लिए ला रहा था, तभी सोलंकी पेट्रोल पंप के पास जलभराव के चलते सड? पर हो रहे गहरे गड्ढे में ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गया और सरसों के कट्टे पानी में गिर गए, जिससे वहां सड़क जाम हो गई और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली को सीधा कर माल को फिर से ट्रैक्टर ट्रॉली में भरवाया गया, लेकिन इस दौरान लगभग 4 क्विंटल सरसों उसकी खराब हो गई। इस तरह के हादसे बारिश के दौरान जोरा रोड पर आए दिन देखने को मिल रहे हैं तथा तमाम लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन द्वारा जौरा रोड पर बारिश से सड? पर हुए गहरे गड्ढों की मरम्मत नहीं कराई गई है तथा ना ही पानी के निकास के लिए कोई योजना बनाई गई है। इस मार्ग पर रहने वाले हजारों लोग, दुकानदार सभी परेशान हैं।

ज्ञातव्य रहे कि पूर्व में भी सड? की दयनीय स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोगों द्वारा कई बार पानी में बैठकर प्रदर्शन कर शासन प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया था, तब अधिकारियों द्वारा समस्या का निराकरण करने के आश्वासन दिए गए, परंतु अभी तक उक्त समस्या हल नहीं हुई है जिससे एक बार फिर बारिश के मौसम में इस क्षेत्र के नागरिकों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई है।

# अनाज व्यापारी से लूट करने वाले नाबालिग सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

▸ 1 लाख 11 हजार रुपए बरामद, खर्चे पूरे न होने के चलते दिया वारदात को अंजाम



**मुरैना, देशबन्धु।** रविवार की सुबह रामनगर तिराहे पर दुकान खोलने जा रहे गल्ला व्यापारी का बैग लूटकर फरार हुए 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनसे लूटी गई रकम बरामद कर ली है। वारदात करने वाले सभी नवयुवक हैं और छात्र भी हैं। उक्त वारदात को अंजाम उन्होंने अपने शौक पूरे करने के लिए दिया, ऐसा पुलिस का कहना है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में स्टेशन रोड थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने रविवार की सुबह हुई घटना के बाद इसे गंभीरता से लिया और दिन रात एक कर सभी आरोपियों को उनके घरों से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पकड़े गए आरोपियों में प्रशांत पुत्र मान सिंह राजावत 19 वर्ष निवासी सुभाष नगर, अभिषेक पुत्र तिलक सिंह सिकरवार 21 वर्ष निवासी गलेथा, शिवा उर्फ सूरज पुत्र राजकुमार सिकरवार 20 वर्ष निवासी गलेथा, देवकीनंदन उर्फ ज्योति पुत्र अनूप सिंह तोमर निवासी सुभाष नगर तथा एक नावालिग शामिल है। व्यापारी से लूटी गई एक लाख 17 हजार रुपए की रकम में से पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लाख 11 हजार रुपए की रकम बरामद की है, कुछ रकम आरोपियों द्वारा खर्च कर ली गई। पकड़े गए सभी आरोपी छात्र हैं और ऑनलाइन गेमिंग के अलावा अन्य शौक भी करते हैं तथा घर से रुपए ना मिलने के कारण उक्त वारदात को आरोपियों ने अंजाम दिया है। ज्ञात रहे कि रविवार की सुबह संतोष बंसल निवासी बड़ोखर माता मंदिर के पास रामनगर तिराहे पर स्थित गल्ले की दुकान को खोलने के लिए जा रहे थे तथा उसके हाथ में दो बैग थे। एक बैग में अनाज की रकम 1 लाख 17 हजार 10 रुपए रखे हुए थे, जो व्यापारी घर से लेकर आया था। तभी बाइक पर सवार 5 बदमाश छत्रीपुरा की तरफ से आये, एक बदमाश बैग उठाकर ले भागा।

एक बदमाश बाइक पर था, दूसरा नजर रखे हुआ था। बदमाशों द्वारा बैग ले जाने के दौरान व्यापारी ने काफी शोर मचाया और उनके पीछे जेएस गार्डन तक भागा, लेकिन बदमाश तुस्सीपुरा की साइड भाग गए।

### किसान को जबरदस्ती बाइक पर बिठाकर ढाई हजार लूटकर भागे 2 बदमाश



**मुरैना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत नैनागढ़ रोड पर पैदल जा रहे एक वृद्ध को दो बाइक सवार बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने बाइक पर बैठा लिया और रास्ते में उसकी जेब से 2500 रुपए लूट लिए तथा वृद्ध को पटक कर भाग निकले। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज की, पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुम्हेर सिंह पुत्र दुर्जन सिंह बघेल 66 खनेता खाद लेने मुरैना आया हुआ था तथा केएस चौराहे पर बाइक सवार दो बदमाश आये और गल्ला मंडी का रास्ता पूछा, उसके बाद उन्होंने वृद्ध को जबरदस्ती बाइक पर बैठा लिया और रास्ते में ऊपर की जेब से ढाई हजार रुपए लूट लिए तथा वृद्ध को सड़क पर पटक कर भाग निकले। वृद्ध ने काफी शोर मचाया पर कोई मदद को नहीं आया तथा आरोपी वहां से भाग खड़े हुए। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को आवेदन दिया है। अब पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### अमृतसर स्वर्ण मंदिर तक जाने वाली परिवार जोड़ो यात्रा का आयोजन

**मुलताई, देशबन्धु।** अखिल भारतीय खत्री युवा महासभा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के खत्री समाज ने परिवार जोड़ो यात्रा का आयोजन किया है। यह यात्रा पवित्र नगरी से स्वर्ण मंदिर अमृतसर तक जाएंगी रविवार रात में नगर के रेलवे स्टेशन से यात्रा का शुभारंभ हुआ। युवा महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र खन्ना ने बताया इस यात्रा में महाराष्ट्र के अमरावती मलकापुर मोर्शी सहित अन्य नगरों के और प्रदेश के पांढुर्णा मुलताई में निवासरत खत्री समाज के कुल एक सैकड़ा महिला पुरुष शामिल हुए हैं। यात्रा 1 अगस्त मंगलवार को स्वर्ण मंदिर अमृतसर पहुंचेगी। स्वर्ण मंदिर में सभी यात्री मत्था टेक कर सर्व समाज की खुशहाली की अरदास करेंगे। दर्शन यात्रा को परिवार जोड़ो यात्रा का स्वरूप दिया है। पवित्र नगरी से अमृतसर तक की यात्रा के दौरान 7 प्रदेशों के नगरों में निवासरत खत्री समाज के सदस्यों से भेंट कर समाज की एकजुटता का संदेश दिया जाएगा पवित्र नगरी के गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव जितेंद्र प्रसाद खन्ना ने बताया बीते 2019 में पवित्र नगरी में निवासरत 51 समाज बंधुओं का जत्था अमृतसर यात्रा पर गया था। महाराष्ट्र के खत्री समाज मोर्शी के वरिष्ठ सदस्य मोहन बिहूरे , प्रदीप महंत ने बताया समाज की युवा पीढ़ी को समाज की संस्कृति से जोड़े रखने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया गया है।

### स्वर्ण जयंती महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा मंडी बोर्ड का 50वां स्थापना दिवस

**हरदा , देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के स्थापना दिवस 4 अगस्त को 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस को स्वर्ण जयंती महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा। मंडी सचिव संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि स्वर्ण जयंती महोत्सव के तहत कृषि उपज मंडी समिति हरदा में 2 से 4 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। श्रीवास्तव ने बताया कि 2 अगस्त बुधवार को दोपहर 2 बजे से कृषि मंत्री कमल पटेल के मुख्य आतिथ्य में कृषि संगोष्ठी एवं कृषि विपणन पुरूस्कार योजना का ड्रा एवं बम्पर ड्रा खोला जावेगा तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारी, हम्माल, तुलावटी, सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान किया जावेगा । इसी प्रकार 3 अगस्त को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं रात्रि 7.30 बजे से स्थानीय कलाकारों द्वारा देशभक्ति एवं लोक परंपरा शैली के गीतों का आयोजन होगा तथा 4 अगस्त को किसानों, व्यापारियों, हम्माल तुलावटियों व कर्मचारियों द्वारा स्थानीय स्तर के खेल - कूद का आयोजन एवं रात्रि 7.30 बजे स सुदीप कुमार मिश्रा एवं सह-कलाकारों द्वारा किशोर कुमार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में संगीत संध्या का आयोजन होगा।

### अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में रेलकर्मी मंजु सम्मानित



**बैतूल, देशबन्धु।** भव्या फाउंडेशन द्वारा जयपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड 2023 कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें बैतूल की रेलकर्मी मंजु लंगोटे को लेखन, साहित्य और समाजसेवा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री राजस्थान सरकार डॉ.अर्चना शर्मा और प्रख्यात समाजसेवी उद्यमी राज खान द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्टीय मैत्री सम्मेलन और ग्लोबल एक्सेलेंसी अवार्ड-2023 में देश-विदेश और प्रदेश की 200 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में 15 देखों के अवार्डीज शामिल हुए। जिसमें देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष मुकाम हासिल करने वाले 200 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इनकी उपलब्धि पर ईष्ट मित्रों और परिजनों ने बधाई दी है।

# गेट फांदकर सीएम राइज स्कूल में अभाविप कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

▶ **शिक्षक द्वारा कहे शब्द वापस लिए जाने पर मामला हुआ शांत**



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के सीएम राइज स्कूल में अभाविप की सदस्यता के संबंध में 3 दिन पहले चर्चा करने गए कार्यकर्ताओं के साथ एक शिक्षक का विवाद हो जाने पर सोमवार दोपहर में अचानक अभाविप कार्यकर्ता स्कूल का गेट फांद कर स्कूल के अंदर घुस आए और धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि स्कूल के एक शिक्षक द्वारा उनके कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता की गई है, उन्हें अपशब्द कहे गए है, जिसके खिलाफ उन्होंने जमकर स्कूल में नारेबाजी की। करीब 2 घंटे वे धरने पर बैठे रहे। बीआरसी आशीष चंद्र शर्मा और स्कूल के प्रभारी प्राचार्य संदीप गणेशे के आने के बाद उन्होंने शिक्षक पर कार्रवाई करने और उनके द्वारा कहे शब्द वापस लिए जाने की मांग रखी। हालांकि तब तक स्कूल प्रबंधन द्वारा मामला बढ़ते देख मौके पर पुलिस को बुला लिया गया था। मौके पर थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा पुलिस बल के साथ मौजूद रही। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य ने स्कूल स्टाफ, स्कूली बच्चों की ओर से अभाविप के कार्यकर्ताओं से हाथ जोड़कर माफी मांगी, लेकिन वे शिक्षक द्वारा माफी मांगने और उनके द्वारा कहे गए शब्दों को वापस लेने के लिए अड़े रहे और नारेबाजी जारी रखी। इसी बीच वे लोग जिला शिक्षा अधिकारी से बात करने की जिद्द भी करने लगे और शिक्षक को निलंबित करने की मांग भी करने लगे। आखिरकार 2 घंटे बाद शिक्षक को बुलाया गया। जिस पर उन्होंने उनके द्वारा कहे गए शब्दों को वापस लेने की बात कही और आगे से अपने व्यवहार में सुधार लाने का आश्वासन दिया। इसके बाद पूरा मामला शांत हुआ और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने अपना धरना समाप्त कर दिया।

#### इनका कहना है

स्कूल में अभाविप की सदस्यता अभियान के लिए 3 दिन पहले आए कार्यकर्ताओं के साथ किसी बात को लेकर कुछ बातें हो गई थी, जिसको लेकर छात्र नाराज थे। शिकायत पर निष्पक्ष जांच की जाएगी।

**आशीष चंद्र शर्मा, बीआरसी मुलताई**

### बिजवे का तबादला, पांढुर्ना के इवनती होंगे नए सीएमओ





**मुलताई, देशबन्धु।** नगर पालिका मुलताई के सीएमओ नितिन कुमार बिजवे का स्थानांतरण पांढुर्णा हो गया है, वही पांढुर्णा के सीएमओ राजकुमार इवनाती को मुलताई का नया सीएमओ बनाया गया है। मुलताई में पदस्थ रहने के दौरान नितिन बिजवे का कार्यकाल बड़ा ही विवादित रहा है। उन्हें मुलताई में पर्सनल गनमैन रखने सहित परिषद के साथ विवाद के लिए याद रखा जाएगा। उन्होंने परिषद के कई लोगों की शिकायत भी थाने में की थी, वही परिषद अध्यक्ष ने भी उनकी शिकायत थाने में की थी। चेंबर में नहीं जाने और अध्यक्ष को फाइल नहीं दिखाने सहित अन्य मामलों को लेकर विवाद चल रहा था। विगत कई दिनों से कयास लगाए जा रहे थे कि जल्द ही सीएमओ का ट्रांसफर होने वाला है।

जिस पर सोमवार को आदेश जारी होते ही विराम लग गया और मुलताई के सीएमओ नितिन कुमार बिजवे को पांढुर्ना भेज दिया गया, जबकि पांढुर्ना से राजकुमार इवनाती को मुलताई पदस्थ कर दिया गया है।

### कावड़ियों का विरासत समिति ने किया स्वागत

**बैतूल, देशबन्धु।** राजू पवार एवं हेमसिंह चौहान बैतूल विरासत समिति ब्लाक अध्यक्ष के नेतृत्वृत में कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया जो कि ग्राम मोही से महिलाओं द्वारा भगवान भोलेनाथ के अभिषेक के लिए मां ताप्ती मुलताई से जल लेकर अपने ग्राम मोही के शिव मंदिर कावड़ यात्रा पहुंची। कावड़ यात्रा में सुमन बाई सिसोदिया सहित ग्राम की समस्त महिलाएं के अथक प्रयास से कार्यक्रम सफल हुआ। मोही के प्रसिद्ध ठाकुर डीजे की धुन पर जमकर थिरके श्राद्धालु कावड़ यात्रा में लगभग 200 लोग रहे। बैतूल विरासत समिति के सदस्यों ने परमंडल जोड पर स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

## सेवानिवृत्त पर समारोहपूर्वक दी विदाई



**मुलताई, देशबन्धु।** लोक निर्माण विभाग मे अपनी सेवाएं पूर्ण कर आज एक उपयंत्री और स्थाई कर्मी हेड क्वार्टर गेंग सेवानिवृत्त हो गए। लोक निर्माण विभाग कार्यालय में विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त विदाई दी। आरपी कारपेंटर उपयंत्री उपखंड आमला एवं ढोदू मेट स्थाई कर्मी हेड क्वार्टर गेंग में कार्य थे वह 62 वर्ष आयु के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं उपयंत्री आरपी कारपेंटर अपने सहज सरल व्यवहार के लिए विभाग में जाने जाते थे साथ ही मुलताई लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाले आमला डिवीजन मे उनके द्वारा किए गए कार्य को सदैव याद किया जाएगा। इस अवसर पर लोक निर्माण एसडीओ आरके राय, एवं उपयंत्री डी आर कलमकार ने सेवानिवृत्त हुए उपयंत्री एवं कर्मचारी को माला पहनाकर उनका स्वागत किया साथ ही उनके साथ किए गए कार्य में उनकी दक्षता के संबंध में बताया। लोक निर्माण एसडीओ आरके राय ने भी संबोधित किया।

**प्रधान पाठक के सेवानिवृत्त होने पर भर आई छात्रों की आंखें:** चिखली खुर्द प्राथमिक शाला में लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे प्रधान पाठक दिगंबर धुर्वे आज 62 वर्ष आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हो गए। स्कूल के प्रधान पाठक के रिटायर होने पर स्कूली बच्चों की आंखें नम हो गई।

## कर्मचारियों की नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**हरदा, देशबन्धु।** नियमितीकरण की कर्मचारियों की मांग शीघ्र पूरी हो तथा कर्मचारी संगठन की जो पूर्व में मांग दी गई थी उन्हें पूरा करने के लिए सोमवार को एक ज्ञापन मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिया गया। कर्मचारी संगठन के संरक्षक अनिल वैद्य एवं शांति कुमार जैसानी ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर एक पत्र मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिया गया जिसमें बताया गया कि विनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाए तथा कुशल अकुशल उच्च कुशल अर्ध कुशल की इस बार की होने वाली प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही वेतन हर माह की 5 से 10 तारीख के बीच उपलब्ध कराया जाए और अगर ऐसा नहीं होता है तो कर्मचारी बिना कोई नोटिस दिए हड़ताल पर चले जाएंगे मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि स्थापना व्यय 65 प्रतिशत होने पर बाकी कर्मचारियों के नियमितीकरण में अवरोध हो सकता है किंतु सफाई कर्मचारियों के लिए शासन की मनसा के अनुसार स्थापना व्यय की सीमा 75 प्रतिशत तक मान्य की गई है जिसके कारण उनके नियमितीकरण की प्रक्रिया की जा सकती है साथ ही जिन लोगों ने अभी तक कुशल अर्ध कुशल उच्च कुशल अकुशल के लिए आवेदन नहीं दिए हैं वह 5 दिन के अंदर अपने आवेदन प्रस्तुत कर दें ताकि उनके आवेदन पर विचार किया जा सके मुख्य नगरपालिका अधिकारी के अनुसार इस कार्य की स्वीकृति पी आई सी की बैठक में ली जा चुकी है तथा शीघ्र ही बाकी मांगों के लिए भी प्रयास किया जा रहा है। ज्ञापन देते समय वीरेंद्र गोहर रफीक खान शहजाद खान सूरज घावरी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सपेरे के चंगुल से सांप को कराया मुक्त, जंगल में छोड़ा



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में सोमवार एक सपेरा एक सांप को लेकर गली-गली घूम में रहा था और दर्शन कराने के नाम पर लोगों से चढ़ावा मांग रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने साप के पकड़े जाने की सूचना सर्पमित्र श्रीकांत विश्वकर्मा को दी। श्रीकांत विश्वकर्मा ने मौके पर पहुंचकर साप का रेस्क्यू किया और उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

बताया जा रहा है कि सपेरे ने सांप को पकड़कर उसके दांत तोड़ दिए थे और उसके जहर की थैली निकाल दी थी। वही साँप को कुछ खाने पीने के लिए भी नहीं दिया जा रहा था। सपेरे ने बताया कि वह पिपरिया का रहने वाला है, उसका नाम डोरीलाल पुत्र भवानी सपेरा है। उसने यह साँप पिपरिया के जंगलों से पकड़ा था। सावन महीने में रोजी-रोटी चलाने के लिए सांप के दर्शन करा कर लोगों से चढ़ावा मांगता है। सांप किसी को काट न ले इसी डर से उसने साँप के दोनों दांत तोड़ दिए थे और उसके जहर की थैली को भी बाहर निकाल कर फेंक दिया था। सर्पमित्र ने बताया कि सांप कोबरा प्रजाति का था, वह बहुत ही दुर्बल हो गया था। सांप को पिछले कई दिनों से कुछ खाने पीने के लिए नहीं दिया गया था। सपेरे को समझाइश देकर साप का रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ा गया है।

## छेड़छाड़ के आरोपी को एक साल का सश्रम कारावास

**मुलताई, देशबन्धु।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुलताई के द्वारा थाना बोरदेही के अपराध क्रमांक 310/ 19 अंतर्गत धारा 354 ,506 भाग 2 भारतीय दंड संहिता में प्रकरण क्रमांक 674/2019 में आरोपी मोहन देशमुख ,उम्र 45 साल को दोषी पाते हुए धारा 354 में एक वर्ष के सश्रम कारावास और 500 के जुर्माने से दंडित किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी धर्मेश शर्मा के द्वारा किया गया ।

घटना कुछ इस प्रकार है कि फरियादी ने स्वयं उपस्थित होकर शिकायत की कि दिनांक 31/10/2019 को ग्राम मोरखा सेक्टर में मासिक बैठक में आई थी जो बैठक समाप्त होने के बाद ग्राम मोरखा से लीलाझर जाने के लिए कोई साधन नहीं होने पर पैदल जा रही थी। तब लगभग 3ः00 बजे पीछे से मोहन देशमुख अपनी सफेद रंग की मारुति कार को लेकर आया और उसके पास लाकर रोक दी और बोला कि चलो घर तक छोड़ देता हूं वह मोहन को पहले से जानती थी और उसके भाई बलवंत की शादी के संबंध के लिए घर भी आता था।

इसलिए उसकी कार में बैठ गई। फिर मोहन ग्राम बिसखान के पास सुनसान जगह देखकर कार रोककर पीछे वाली सीट पर आ गया और वह जबर्दस्ती बुरी नियत से पीड़िता के साथ गलत हरकत करने लगा वह जैसे तैसे उसे धक्का देकर कार से बाहर निकली और चिल्लाई तो मोहन कार लेकर भाग गया। घटना की रिपोर्ट करने थाना आई फरियादी की सूचना पर से अभियुक्त के विरुद्ध थाना बोरदेही के द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया और विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## घर में घुसे तेंदुआ ने किया महिला पर हमला, गंभीर घायल

▶ **सूचना के बाद भी वन अमला न पहुंचने पर ग्रामीणों ने लगाया जाम**



**रायसेन, देशबन्धु।** नकतरा में सोमवार को सागर रोड स्थित ग्राम खंडेरा में एक तेंदुआ घर में घुसा और महिला पर हमला कर दिया। तेंदुआ के हमले में गंभीर घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसके सिर में 15 टांके आए गए हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन अमले को सूचना दी, लेकिन ढाई घंटे तक वन विभाग से कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा जिससे ग्रामीण नाराज हो गए और सडक़ पर जाम लगा दिया। बाद में पहुंचे वन अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया। सोमवार को जंगल से लगे हुए ग्राम खंडेरा में सुबह 6 बजे तेंदुआ रमेश शाक्या के घर में जा घुसा। जैसे ही उसकी पत्नी अनिता बाई सामने आई तेंदुआ उस पर झपट पड़ा। अनिता बाई की चीख पुकार सुनकर लोग दौड़े। लोगों ने बमुश्किल तेंदुआ को जंगल में खदेड़ा। गामीणों ने तुरंत घटना की सूचना वन अमले को दी, लेकिन वन कर्मचारी ढाई घंटे बाद खंडेरा पहुंचे। ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए जाम लगा दिया। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय के आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुआ का मूवमंट बना रहता है। जंगल में पानी नहीं मिलने से तेंदुआ आबादी क्षेत्र में नदी, तालाबों पर पहुंच जाते हैं। इन दिनों बारिश का मौसम होने के बाद भी तेंदुआ सहित अन्य जानवरों का जंगल से बाहर निकलना ग्रामीणों के लिए खतरा बना हुआ है।

*भंडारे के साथ कल होगा शिव महापुराण कथा का समापन*

## श्रद्धालुओं ने श्री गणेश लिलाओं का लिया आनंद



**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम कामथ (ईट भट्ठा) में शिव महापुराण कथा में प्रतिदिन महारूद्राभिषेक किया जा रहा है व सुप्रसिद्ध कथा वाचिका श्री वृन्दावन धाम निवासी कथा सौम्य देवी जी द्वारा सोमवार को भगवान श्री गणेश जी की लीला का बहुत ही सुन्दर वर्णन किया गया। जिसमें सभी शिवभक्तो श्रद्धालुओ ने भगवान श्री गणेश जी लीला का आनंद लिया। राष्ट्रीय कथा वाचक श्री श्री राकेशानंद जी महाराज ने सनातन धर्म के सदैव रक्षा के लिए युवाओं एवं नारीयो को बजरंग दलव मातृशक्त दूर्गा वाहिनी से जुड़ने का आग्रह किया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में शिवमहापुराण कथा का श्रवण भक्तो द्वारा कियाजा रहा है। जिसमें समिति के शिवभक्त महिला मंडल द्वारा व युवाओं रवि साहू, सागर बजरंगी, हेमराज पहलवान, गज्जू प्रजापति, मोनु, संजू , गुलाब साहू, अंकित साहू, चैतु, अज्जू धुर्वे, राजू, भुषन, गौरव,दिनेश,व हनुमान मंदिर समिति कामथ, त्रिमूर्ति कामथ ग्रुप अन्य सदस्यों द्वारा विशेष सहयोग दिया जा रहा है। सागर साहू बजरंगी ने बताया कि कल मंगलवार भंडारा प्रसादी के साथ कथा का समापन किया जाएगा।

### पुरुषोत्तम मास पुण्यों का खजाना: पं. शर्मा

**हरदा, देशबन्धु।** ईश्वर से प्रार्थना कीजिए कि प्रभु हमे पूजन में सहभागिता सहित पुण्य अर्जन के समस्त अवसर प्रदान करता रहे। ना जानामि योगं, जपं नैव पूजां के भाव के साथ प्रभु का सुमिरन कीजिए ।पुरुषोत्तम मास पुण्यो का खजाना है ।यह भाव नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला में चल रहे सात दिवसीय पार्थेश्वर पूजन के चौथे दिन सोमवार को प्रार्थना के दौरान पंडित गोविंद प्रसाद शर्मा ने व्यक्त किए ।उन्होंने कहा कि हम सभी विश्व कल्याण की कामना करें,भगवान भोलेनाथ सबका भला करे ।प्रार्थना के पहले पंडित शिवानंद शुक्ल,पंडित गोविंदप्रसाद शर्मा,पंडित महेश गुहा,पंडित कृष्णकांत गीते,पंडित आयुष काशिव,पंडित देवेंद्र पाराशर ने विधि विधान से पूजन,अभिषेक कराया ।पूजन में समाज के लोगो ने जोड़े सहित पूजन किया ।आयोजन से जुड़े राजू बलवटे ने बताया कि सुबह से पंडितो के मार्गदर्शन में पूजन प्रारंभ होता है,वही शाम को विसर्जन किया जाता है ।सोमवार को 9 जोड़ों ने पूजन का पुण्य लाभ लिया है ।वही साथ में अन्य श्रद्धालुओं ने भी पूजन किया ।पूजन के बाद पंडित कृष्णकांत महाराज एवं पंडित आयुष काशिव ने सुंदर गीत प्रस्तुत किए ।इस दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं श्रद्धालु गीतों की मधुर प्रस्तुति पर झूम उठे ।नार्मदीय ब्राह्मण समाज मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी शैलेंद्र जोशी ने बताया कि पार्थेश्वर पूजन 3 अगस्त तक चलेगा ।समाज के वरिष्ठ सदस्य मधुकर बिल्लौरे ने सभी सामाजिक बंधुओं से पूजन में उपस्थित होने का आग्रह किया है ।पूजन के दौरान प्रेमशंकर पाराशर,एलडी काशिव,सुरेशचंद्र शकरगाये,अरविंद बरगले,बृजकिशोर चौरे,राजू बलवटे,राजेश शुक्ला,शैलेंद्र जोशी, रविंद्र पारे,जवाहर पारे, पंडित अरविंद शुक्ल,प्रमेंद्र साकल्ले,नीलेश बिल्लौरे,अजय पारे,सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन पचमढ़ी में करेंगे ध्वजारोहण

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के पचमढ़ी स्थित राजभवन में ध्वजारोहण करेगें। सोमवार को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में राज्यपाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर मंच व्यवस्था, गणमान्य नागरिकों के आमंत्रण सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पचमढ़ी में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम के अतिरिक्त जिला स्तरीय कार्यक्रम पुलिस लाइन ग्राउंड में भी आयोजित किया जाएगा। अधिकारी दोनों कार्यक्रमों के लिए सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता पूर्वक निर्वहन करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

### सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 3 चरणों में

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** भारत शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम सुदृढ़ीकरण एवं मीजल्स एवं रूबेला वैक्सीन की डोज से छूटे हुए 5 वर्ष तक के बच्चो का टीकाकरण किये जाने के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान प्रदेश के समस्त जिलो में तीन चरणो में आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं जिला टीकाकरण अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि नर्मदापुरम जिले में प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त तक, द्वितीय चरण 11 से 16 सितम्बर तक एवं तृतीय चरण 9 से 14 अक्टूबर 2023 तक चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत शून्य से 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को हेडकांउट सर्वे उपरांत ड्यू लिस्ट अनुसार चिन्हित कर पूर्ण टीकाकरण कार्य किया जाएगा। बताया गया है कि अभियान के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की सटीक सूक्ष्म कार्ययोजना, फील्ड कार्यकर्ताओं का गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं समुदाय की सक्रिय सहभागिता के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई है।

विधायक बोले अन्य संगठन भी प्रयास करें, शहर को अपराध मुक्त बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी

# तीसरी आंख से होगी सब्जी बाजार की निगरानी, जनभागीदारी से लगे 17 कैमरे



**इटारसी, देशबन्धु।** शहर का महर्षि वाल्मिकी सब्जी बाजार परिसर अब चौबीसों घंटे खुफिया कैमरों की निगरानी में रहेगा। यहां फुटकर चबूतरों पर बैठने वाले करीब 300 विक्रेताओं ने हर माह जमा होने वाली सहयोग राशि से करीब डेढ़ लाख रुपये व्यय कर पूरे परिसर में 17 खुफिया कैमरे लगाए हैं। इन कैमरों का पैनल डिस्प्ले संगठन के अध्यक्ष सोनू ब्रिंदा की दुकान पर होगा।

सोमवार को विधायक डा. सीतासरन शर्मा, एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान, नगर निरीक्षक रामसनेही चौहान एवं अन्य नेताओं की मौजूदगी में फीता काटकर कैमरों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष जागृति भदौरिया, सभापति राकेश जाधव, मनजीत कलोसिया, मनीष ठाकुर, भरत वर्मा, राहुल चौरे, भरत वर्मा, बेअंत सिंह, गोपाल शर्मा, शैलेन्द्र दुबे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जयकिशोर चौधरी समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि आज के दौर में सीसीटीव्ही कैमरे बेहद जरूरी हो गए हैं। अपराधों की रोकथाम, चोरी, लूट, अपहरण जैसी किसी भी घटना में इनके फुटेज जांच में बेहद कारगर साबित होते हैं।

सब्जी व्यापारियों ने जनभागीदारी से यह प्रयास किया, जो सराहनीय है, शहर के अन्य व्यापारिक संगठनों को भी इस तरह के प्रयास करना चाहिए। शहर में जल्द ही नगर पालिका विधायक निधि से प्रदत्त 10 लाख रुपये की राशि से कैमरे इंस्टाल कराएगी। लेकिन यदि व्यापारी भी अपने परिसर और मुख्य मार्गों पर कैमरे लगाएंगे तो शहर की सुरक्षा में काफी मदद मिलेगी। शर्मा ने कहा कि शहर में पहले हुई चोरियों-लूट एवं अन्य वारदातों के बाद व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर लगे कैमरों से कई फुटेज मिले, इसके आधार पर आरोपी पकड़े गए, जब पूरा शहर कैमरों की निगरानी में रहेगा, तो अपराधों में कमी आएगी। समिति अध्यक्ष सोनू ब्रिंदा ने कहा सारे सब्जी व्यवसायी हर माह 10-20 रुपये जनभागीदारी समिति में एकत्र करते हैं, इस राशि से हमने बेहतरीन गुणवत्ता वाले 17 कैमरे अलग-अलग लोकेशन में लगाए हैं, आए दिन सब्जी बाजार में चोरी, मारपीट जैसी घटनाएं होती हैं, रात में बाजार सूना रहता है, सुरक्षा के लिहाज से हमने यह प्रयास किया है, अब पूरा परिसर चौबीसों घंटे कैमरों की निगरानी में होगा। पहले कई व्यापारियों का सामान चोरी हो चुका है, कुछ अप्रिय घटनाएं भी हुई हैं, इसी को देखते हुए एसोसिएशन ने यह निर्णय लिया।

**हो चुका है सर्वे**- शहर में विधायक निधि से अलग-अलग स्थानों पर खुफिया कैमरे जल्द लगाए जाएंगे। विधायक डॉ. शर्मा ने इसके लिए 10 लाख रुपये नपा को दिए हैं। पुलिस प्रशासन ने संबंधित फर्म को इनकी लोकेशन और जगह भी बता दी है। नपा जल्द ही यह काम कराएगी। जानकारी के अनुसार शहर के रेलवे स्टेशन रोड, ओव्हर ब्रिज तिराहा, फल-सब्जी बाजार, जयस्तंभ मार्ग एवं अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यह कैमरे लगाए जाएंगे। इनकी डीबीआर की निगरानी पुलिस करेगी, इसके लिए एक कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। कैमरे लगने से पूरा शहर तीसरी आंख की सुरक्षा में रहेगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के साथ झांकियों का होगा प्रदर्शन

# स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले में स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण तरीके से व समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम पुलिस लाइन ग्राउंड नर्मदापुरम में आयोजित किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और विशेष समारोह पूर्वक मनाया जाए। बैठक में जिला स्तरीय आयोजन के लिए की जाने वाली तैयारियां की भी उन्होंने समीक्षा की तथा उपस्थित जिलाधिकारियों को इसके सम्बन्ध में दायित्व सौंपे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शासकीय कार्यालयों मे ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरण सिंह, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सभी एसडीएम तथा विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित पुलिस परेड ग्राउंड में होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने शासन के निर्देशों के अनुसार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा लोकतंत्र सेनानियों को घर घर जाकर या सम्मान पूर्वक कार्यक्रम स्थल तक लाने तथा उनके वहां बैठने की बेहतर व्यवस्था करने तथा कार्यक्रम समाप्ति के बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान पूर्वक उनके घर तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को शॉल व श्रीफल प्रदान कर सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रमुख शासकीय भवनों व शासकीय कार्यालय भवनों पर रोशनी की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों विशेष तौर मैदानी अमले को स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने अधीनस्थ कार्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों के नाम प्रस्तावित करें। बैठक में जिला स्तरीय कार्यक्रम में साफ सफाई,पेयजल व्यवस्था का दायित्व नगर पालिका नर्मदापुरम को सौंपा गया। बेरीकेटिंग के लिए बांस व बल्लीयों की व्यवस्था वन विभाग करेगा तथा बैठक व्यवस्था नगर पालिका व लोक निर्माण विभाग करेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने पुलिस परेड ग्राउंड के समतलीकरण, सेक्टर निर्माण ,ध्वजारोहण, माइक एवं बिजली व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की समीक्षा कर सुव्यवस्थित तैयारियां करने के निर्देश दिए। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रमों का चयन एक समिति द्वारा किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विद्यार्थियों द्वारा पीटी प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन भी मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा तथा आकर्षक परेड भी आयोजित की जाएगी। परेड में जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल , होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट गाइड के साथ-साथ शोर्य दल की टुकड़ी भी शामिल होगी। कार्यक्रम से पूर्व कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन में 13 अगस्त को पूर्व रिहर्सल की जायेगी।

## भोले के भक्त को वापस मिला मोबाइल, समिति ने दिया ईमानदारी का परिचय

**इटारसी, देशबन्धु।** आज सोमवार को तिलक सिंदूर स्थित गुफा मंदिर में पावन शिवलिंग के दर्शन करने भक्तों की भारी भीड़ पहुंची। यहां आये एक भक्त का मोबाइल एक नारियल की दुकान के साइड में छूट गया था, और यह मोबाइल एक शराबी के हाथ लग गया। वह इसे लेकर भाग पाता, इससे पहले तिलक सिंदूर सेवा समिति के सदस्यों ने देख लिया। उक्त शराबी मोबाइल की सिम निकालने का प्रयास कर रहा था कि समिति सदस्यों ने नारियल दुकानदार महिलाओं के सहयोग से उसे पकड़ा और मोबाइल लिया। आदिवासी सेवा समिति तिलक सिंदूर के मीडिया प्रभारी विनोद वारिवा और दुकान की महिलाओं मिलकर उस व्यक्ति से वापस मोबावल लेकर मोबाइल मालिक को दे दिया। इसमें कोटवार महेश मेहरा, शंकर उईके, प्रीति तुमराम, दीपिका कलमे ने मदद की।

सांसद विवेक तनखा ने वाइस चांसलर को लिखा पत्र

# छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो



**बरकतउल्ला विवि की पूरक परीक्षा परिणाम का मामला**

**इटारसी, देशबन्धु।** विगत दिनों सांसद विवेक कृष्ण तनखा के इटारसी प्रवास पर बरकत उल्लाह भोपाल विश्वविद्यालय के नर्मदापुरम के अनेकों छात्र-छात्राएं छात्र नेता अंकित दुबे के नेतृत्व में अशोका हॉस्पिटल में मिले एवं दूसरी पूरक परीक्षा परिणाम घोषित न होने से अगली कक्षा में प्रवेश नहीं पाने संबंधी समस्या से अवगत कराया।

इस संबंध में श्री तनखा ने छात्र-छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल सुरेश जैन वाइस चांसलर बरकत उल्लाह विश्वविद्यालय को पत्र लिखकर द्वितीय पूरक परीक्षा के परिणाम तत्काल घोषित करने की मांग रखी है, ताकि छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ न हो। उक्त आशय की जानकारी रमेश के साहू एडवोकेट ने दी।

### सीएमओ पटले का स्थानांतरण, रितु मेहरा होंगी नई सीएमओ

**इटारसी, देशबन्धु।** राज्य शासन ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये स्थानांतरण आदेश के तारतम्य में इटारसी मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती हेमेश्वरी पटले का तबादला हो गया है। उनके स्थान पर गैरतगंज से रितु मेहरा आकर सीएमओ का पदभार संभालेंगी। श्रीमती हेमेश्वरी पटले को परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण नरसिंहपुर स्थानांतरित किया गया है। गैरतगंज जिला रायसेन से स्थानांतरित कर श्रीमती रितु मेहरा को सीएमओ इटारसी बनाया गया है। पूर्व में यहां सीएमओ रहे अक्षत बुंदेला को नगर पालिका बैतूल से सीएमओ शहडोल स्थानांतरित किया गया है।



### नर्मदा जीवन दायिनी का नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप आज

इटारसी। नर्मदा जीवन दायिनी का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल 1 अगस्त, मंगलवार को सुबह 10:30 से दोपहर 3 बजे तक जयस्तंभ चौक इटारसी में लगाया जाएगा।

प्रसिद्ध चिकित्सक एवं भाजपा नेता डॉ. राजेश शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर लगने वाले शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, माईग्रेन, तनाव, घबराहट, बैचेनी, हड्डी व जोड़ के विभिन्न रोग जैसे कमर दर्द, साइटिका, घुटनों का दर्द, कूल्हे का दर्द, कमर में गैप आ जाना, पुराने फ्रेक्चर, तलवों में जलन आदि की नि:शुल्क जांच की जाएगी।

# नारी सम्मान योजना का शिविर लगा, 318 ने कराया पंजीयन



**इटारसी, देशबन्धु।** वार्ड 16 में कांग्रेस पार्षद अमित कापरे ने स्थानीय सरला मंगल भवन में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की बहुप्रतीक्षित नारी सम्मान योजना के कैंप लगाकर फॉर्म भरे। जिसमें वार्ड के करीब 318 हितग्राहियों ने पंजीयन कराया।

वार्ड पार्षद अमित कापरे ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की मंशा अनुसार नारी सम्मान योजना द्वारा प्रदेश की बेटियों और महिलाओं को सशक्त और समृद्ध जीवन देने के लिए इस योजना अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों को 1500 रुपए प्रति माह यानी सालाना 18000 रुपए की सम्मान राशि एवं घरेलू एलपीजी सिलेंडर 500 रुपए में दिए जाएंगे।

कापरे ने बताया कि घरेलू कनेक्शन हेतु 100 यूनिट बिजली मुफ्त रहेगी। इसके अतिरिक्त 200 यूनिट तक बिजली की खपत होने पर हितग्राही को आधा बिजली बिल का भुगतान करना पड़ेगा। शिविर में नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष देवी मालवीय, कांग्रेस सेवादल उपाध्यक्ष किशन ठाकुर, कांग्रेस पार्षद संजय ठाकुर, वार्ड अध्यक्ष अंकित वर्मा, प्रदीप पाटोदिया, श्याम आशावरी, प्रतीक तिवारी, ललित मौर्य, तरुण मेहरा, सौम्य दुबे सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तवा बांध के कृत्रिम जलप्रपात देखने का इंतजार हुआ लंबा

**इटारसी, देशबन्धु।** पहाड़ों पर कम बारिश के कारण बांध में जुलाई के अंतिम दिन तक निर्धारित जलस्तर से करीब तीन फीट की दूरी के बाद अब बांध के खुले गेट से बनने वाले कृत्रिम जलप्रपात का आनंद लेने अब लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। हालांकि अगस्त के प्रथम सप्ताह से मानसून की तेजी की उम्मी है। यदि 15 अगस्त तक जलस्तर 1160 फीट को पार कर जाता है और बांध में पानी की आवक लगातार बनी रहती है तो गेट खोले जा सकते हैं। फिलहाल तेज बारिश के आसार नहीं हैं, इसलिए इंतजार लंबा खिंचने की संभावना है।

31 जुलाई तक बांध का जलस्तर 1158 फीट पर होना था। लेकिन यह 1155 को थोड़ा ही पार कर सका है। ऐसे में करीब 3 फीट पानी की कमी रह गयी। लेकिन, आज की तारीख खत्म होते ही गवर्निंग लेबल 15 अगस्त तक के लिए 1160 हो जाएगा। यानी अभी इस लेबल तक पहुंचने के लिए करीब पांच फीट पानी की आवश्यकता है। अच्छी बारिश होती है तो पांच फीट पानी आना मुश्किल नहीं है। जुलाई में गेट खुलने की संभावना पर विराम लग गया है, अब अगस्त में उम्मीद बंधेगी, क्योंकि अगस्त में अच्छी बारिश होगी, ऐसे अनुमान लगाये जा रहे हैं।

# कथा वाचक मधुकर व्यास का सम्मान किया



**इटारसी, देशबन्धु।** श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान पशुपतिनाथ धाम के पीठाधीश्वर मधुसूदन शास्त्री एवं पशुपतिनाथ धाम समिति के अध्यक्ष मेहरबान सिंह चौहान ने शास्त्री मधुकर व्यास आचार्य का शॉल श्रीफल एवं पगड़ी पहनाकर सम्मान किया।

इस अवसर पर मधुसूदन शास्त्री ने कहा कि मधुकर व्यास 84 वर्ष की आयु में भी श्रीमद् भागवत कथा का वाचन कर रहे हैं। यह हम सब कर्मकांडी ब्राह्मणों के लिए गौरव सम्मान और आदर्श का विषय है। उन्होंने श्री व्यास के दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर कथा यजमान धनराज कुशवाहा भी मौजूद थे।

**श्रावण मास में रूद्री निर्माण के साथ शिव महापुराण आज से**- इटारसी। श्रावण एवं अधिकमास के अवसर पर पार्थिव शिवलिंग एवं असंख्य रूद्र निर्माण के साथ शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रारंभ दिवस में श्री साईं मंदिर शिवराजपुरी कालोनी से 1 अगस्त सुबह 8 बजे कलशयात्रा निकाली जाएगी।

1 अगस्त सुबह 8 बजे से प्रारंभ अनुष्ठान में 7 अगस्त तक प्रतिदिन महारूद्राभिषेक पूजन होगा। सुबह 9 बजे से 12 बजे तक पूजन एवं दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक कथा होगी। आचार्य पं. अमित दुबे, पं. अनूप मिश्रा ने बताया कि मिलन मैरिज गार्डन में पुरानी इटारसी में यह आयोजन होने जा रहा है।

व्यासगादी से कथा वाचक अतुल कृष्ण शास्त्री द्वारा शिवमहापुराण कथा का श्रवण श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी शिवभक्तों से कथा का श्रवण कर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की है।

पं.भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में सजी संगीत की महफिल

# भूले-बिसरे गीत गायन प्रतियोगिता में अंकिता बनी विजेता



**इटारसी, देशबन्धु।** नर्मदांचल म्यूजिक अकादमी के तत्वावधान में कार्यक्रम भूले बिसरे गीत के मेगा फाइनल में रविवार की रात पं.भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में दस टॉप सिंगर्स के बीच गीतों का मुकाबला हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया।

इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अनिल अवस्थी, भाजपा नेता दीपक अग्रवाल, जयकिशोर चौधरी, नगर भाजपा अध्यक्ष जोगिन्दर सिंह, पूर्व पार्षद अनिल राठी, सराफा कारोबारी और समाजसेवी संजय गोठी, बेनीशंकर शर्मा, संतोष सोनी, सर्व ब्राह्मण समाज के नगर अध्यक्ष पं.अशोक शर्मा, महेन्द्र जोशी अल्लू, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर, शिवसेना नेता सुरेश करिया सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद थे। शहर की कई संगीत संस्थाओं के सदस्य, संगीत प्रेमियों से हॉल भरा था।

**ये बोले अतिथि**-विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा शहर में बहुत प्रतिभाएं हैं, सांस्कृतिक विचारों के इस शहर में इस तरह के आयोजन प्रतिभाओं को आगे बढ़ने में मदद करते हैं। मेरी ओर से सभी प्रतिभागियों को शुभकमनाएं। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने संयोजक जितेन्द्र ओझा द्वारा ऑडिटोरियम की कमियों पर ध्यान दिलाने पर आश्वस्त किया कि जो कमियां हैं, जल्द पूरी की जाएंगी। उन्होंने भी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। पूर्व नपाध्यक्ष अनिल अवस्थी, पंकज राठौर, दीपक हरिनारायण अग्रवाल, जयकिशोर चौधरी और जोगिन्दर सिंह ने भी संबोधित किया।

**इन प्रतिभागियों ने दी प्रस्तुति**- अंकिता श्रीवास्तव, डेल्सी बेस्टियन, तनिष्का शर्मा, विशाल आम्बले, नरेंद्र घावरी, डॉ. भूषण अग्रवाल, विशाल गंगलानी , अभिमन्यु बैस, राजा आतिफ और विशेष प्रस्तुति आस्तिक ओझा ने दी जिन्होंने स्वयं को प्रतियोगिता से बाहर कर लिया था।

**ये था निर्णायक मंडल**-संगीत साधक गुरु बृजमोहन दीक्षित, आंखों में तेरा ही चेहरा फेम सदाशिवन सदू, प्रसिद्ध तबला वादक नवनीत तिवारी, प्रसिद्ध गायक बसंत बत्रा, गायक राजेंद्र ठाकुर और सारेगामा के प्रतिभागी रहे निखिल तिवारी भोपाल।

**ये रहे परिणाम**-विजेता श्रीमती अंकिता श्रीवास्तव, प्रथम रनरअप विशाल आम्बले, द्वितीय रनर अप सुश्री तनिष्का शर्मा, तृतीय रनर अप नरेन्द्र घावरी। इसके अतिरिक्त सभी कार्यक्रम संयोजक जितेन्द्र ओझा, मार्गदर्शक अखिल दुबे, अनुराग दीवान, रोहित नागे, चंद्रेश मालवीय, राकेश दुबे ने सभी निर्णायकों का सम्मान पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया तथा प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किये। कार्यक्रम में अभिषेक ओझा, धर्मेंद्र रणसूरमा, जितू राजपूत, संतोष पटेल, राघवेंद्र पांडे, बीजू पाहुरकर, दिनेश उपाध्याय, प्रकाश दुबे, गोपाल कृष्ण बाजपेयी, स्पर्श नागे ने सराहनीय योगदान दिया।

भेल दशहरा मैदान में हुआ कुशवाहा समाज का महाकुंभ, मुख्यमंत्री ने की कई घोषणाएं

# प्रदेश में बनेगा उद्यानिकी फसलों के लिए मार्केटिंग बोर्ड




**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कुशवाहा समाज देशभक्त और परिश्रमी समाज है। समाज को संगठित रहकर आगे बढ़ना है। कुशवाहा समाज भारतीय संस्कृति का रक्षक है। इसी समाज से चंद्रगुप्त मौर्य और सम्राट अशोक जैसे रत्न निकले। फल-फूल, सब्जी के उत्पादन और व्यापार से जुड़े कुशवाहा समाज के हित में उद्यानिकी फसलों के लिए पृथक मार्केटिंग बोर्ड का गठन किया जाएगा, ताकि छोटे-छोटे किसानों को बिचौलियों से निजात मिल सके। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज भेल दशहरा मैदान में कुशवाहा महाकुंभ को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सागर में लवकुश मंदिर के निर्माण एवं सामुदायिक धर्मशाला के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि का चैक कुशवाहा सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे.पी. वर्मा को सौंपा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा मध्यप्रदेश के कार्यालय के लिए भूमि आवंटन के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। दमोह जिले के सीएम राइज विद्यालय का नामकरण महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम पर किया जाएगा। महाकुंभ में पूरे प्रदेश से आए प्रतिनिधि शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कुशवाहा समाज ने राष्ट्र रक्षा के लिए अमूल्य योगदान दिया है। विदेशी हमलावारों को खदेड़ने में समाज बंधुओं ने परिश्रम किया है। स्वतंत्रता संग्राम में समाज की भागीदारी रही। महात्मा ज्योतिबा फुले और श्रीमती सावित्री फुले ने स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कुशवाहा समाज के हित में सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। पूर्व में कुशवाहा समाज के कल्याण के लिए की गई घोषणाओं पर अमल किया गया है। सम्पूर्ण मानव समाज को ज्ञान और शिक्षा की रोशनी देने वाले समाज के महापुरुष श्री ज्योतिबा फुले और श्रीमती सावित्री बाई फुले के कृतित्व और व्यक्तित्व से प्रदेश की नई पीढ़ी को परिचित करवाने और उनसे प्रेरणा लेकर अपना भविष्य तय करने के लिए श्री ज्योतिबा फुले और श्रीमती सावित्री बाई फुले की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। राज्य शासन ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाने का निर्णय लेने के साथ महात्मा फुले की जयंती पर प्रदेश में ऐच्छिक अवकाश घोषित किया है। महात्मा फुले की स्मृति को चिर स्थाई बनाने के लिए दमोह के हायर सेकेंडरी स्कूल का नाम महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम पर किया गया है। कुशवाहा कल्याण बोर्ड का गठन कर कुशवाहा समाज को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने की सौगात दी गई है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कुशवाहा समाज का आव्हान करते हुए कहा कि समाज के युवाओं को कृषि उद्यानिकी के अलावा बिजनेस और लघु उद्यम के क्षेत्र में विकास के लिए प्रोत्साहित करें। विभिन्न योजनाओं से समाज के अधिकाधिक युवाओं को लाभान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, सीखो-कमाओ योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का समाज बंधु अधिक से अधिक लाभ लें। भोपाल में समाज के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास और उज्जैन में धर्मशाला की व्यवस्था के लिए प्रशासन द्वारा सहयोग दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान का अखिल भारतीय कुशवाहा समाज ने अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान के जनहित और समाज हित के कामों की लंबी श्रृंखला है। पहले की गई घोषणाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ मुख्यमंत्री श्री चौहान का समाजलनाके नक पगड़ी पहनाकर, पुष्पहारों और तलवार भेंटकर स्वागत किया गया। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रदेश की परिवार की तरह सेवा करते है। उन्होंने कुशवाहा समाज के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं। महाकुंभ में कुशवाहा महासभा के पदाधिकारी जे.पी. वर्मा, श्रीमती राधा कुशवाहा, नारायण सिंह कुशवाहा, श्रीमती कुसुम कुशवाहा, नरेश कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, नंदराम कुशवाहा, प्रभुदयाल कुशवाहा और अर्जुन पटेल आदि उपस्थित थे।

भाजयुमो की बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा-

# नए मतदाताओं से संपर्क और संवाद बनाएं कार्यकर्ता



**भोपाल, देशबन्धु।** युवा मोर्चा कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर जाएं और नए मतदाताओं से संपर्क व संवाद स्थापित करें। उन्हें बताएं कि किस तरह कांग्रेस सरकार के दौरान बीमारू राज्य रहे मध्यप्रदेश को भाजपा की सरकार ने समृद्ध मध्यप्रदेश बना दिया है। उन्हें 2003 के पहले के मध्यप्रदेश और आज के विकसित मध्यप्रदेश के बीच का अंतर भी बताएं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने यह बात कही। वह भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर वर्ग की युवा प्रतिभाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना युवा मोर्चा का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि जो छात्र-छात्राएं किसी योजना के लिए पात्र हैं और उन्हें लाभ नहीं मिला है तो युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उन छात्रों की मदद के लिए तत्पर रहें तथा नवीन मतदाताओं के लिए पार्टी की सदस्यता का अभियान चलाए।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कहा कि युवा मोर्चा के वर्तमान पदाधिकारी अपने मंडल और बूथ में निवासरत युवा मोर्चा के पूर्व पदाधिकारियों से संवाद करें उनसे मार्गदर्शन लें एवं उनके साथ टिफिन बैठक कर आगामी चुनाव के लिए रणनीति तय करें। युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने भी युवा मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रदेश में युवा मोर्चा नव मतदाताओं व विभिन्न विधाओं के युवाओं की सदस्यता का कीर्तिमान बनाएगा। पवार ने कहा कि युवा मोर्चा कार्यकर्ता अभी से लेकर मतदान संपन्न हो जाने तक पूर्णकालिक कार्यकर्ता की भांति सतत् संगठन का कार्य करेंगे।

पटवारी घोटाला : कांग्रेस ने आयोग पर ही उठा दिए सवाल, पीसी ने पूछा-

# कहां है दफ्तर, अब तक क्यों नहीं शुरु हुई जांच



**भोपाल, देशबन्धु।** पटवारी परीक्षा घोटाले को लेकर कांग्रेस का सरकार पर हमला लगातार जारी है। सोमवार को कांग्रेस ने न सिर्फ प्रदेश की भाजपा सरकार की नीयत पर पर सवाल उठाए हैं, बल्कि आयोग की कार्यप्रणाली पर भी संदेह जताया है। पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक पीसी शर्मा ने आज यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि जांच आयोग का दफ्तर कहां हैं और अब तक जांच क्यों नहीं शुरू की जा सकी। श्री शर्मा ने भाजपा सरकार से 5 साल पूछे।

श्री शर्मा ने आरोप लगाया कि 19 जुलाई को इस बाबत एक सदस्यीय जांच आयोग की घोषणा की गई परंतु अभी ऐसी खबरें आई हैं कि जांच आयोग को ठीक से काम नहीं करने दिया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि जांच आयोग की ओर से अब तक क्या कोई प्राथमिक रिपोर्ट क्यों नहीं जारी की गई है और अगर नहीं तो कब तक यह रिपोर्ट जारी कर दी जाएगी, इस बात का जवाब भाजपा को देना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि इस मामले को लेकर जांच आयोग की आड़ में क्या गिरफ्तारियां टालने की कोशिश की गई है? अब तक कितनी गिरफ्तारियां इस मामले में हुई हैं भाजपा को इस बात का जवाब देना चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि लाखों बच्चों के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए भर्ती पर रोक लगा दी गई। ऐसे में इस बात का खुलासा होना चाहिए कि किन भाजपा नेताओं का इसके पीछे हाथ है?

# 3 हजार की रिश्वत लेते जिला कोषालय का बाबू धराया

सेवानिवृत्त विकलांग से एनपीएस की राशि निकालने के लिए मांगी थी घूस



**रायसेन, देशबन्धु।** जिला कोषालय के बाबू को 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त पुलिस ने रंगेहाथों पकड़ा है। कलेक्ट्रेट कंपोजिट भवन के निचले तल पर स्थित जिला कोषालय में सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे यह कार्यवाही की गई। एक सेवानिवृत्त शिक्षक से एनपीएस की राशि निकालने के नाम पर 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।

शिकायतकर्ता सेवानिवृत्त शिक्षक दुर्गादास राय ने बताया कि 31 मई को ग्राम चिरौली के प्राथमिक स्कूल से सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी एनपीएस की राशि को निकालने के लिए वह जिला कोषायल का बाबू नवीन विश्वकर्मा 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर रहा था। दुर्गादास ने जब नवीन को यह बात बताई कि वह विकलांग है, तो नवीन को उस पर तरस आ गया और वह रिश्वत के 10 हजार रुपए में 2 हजार की रियायत देते हुए 8 हजार रुपए लेने को ही राजी हो गया। दुर्गादास ने पहले 5 हजार बतौर पेशगी नवीन को दे दिए, जबकि बकाया रकम काम होने के बाद दिए जाने की बात तय हुई। जिसके बाद आरोपी के खाते में विगत 22 जुलाई को पैसे आ गए, वायदे के मुताबिक 3 हजार रुपए देने के लिए फरियादी को जाना था। नवीन ने पैसे लेने के लिए सोमवार को बुलाया था। जिसके बाद लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए नवीन को दबोच लिया। इस कार्रवाई के बाद हडकंप मच गया।

तकरीबन 8 माह पहले जिला पंचायत में 2 माह पहले तहसील में और अब कलेक्ट्रेट में रिश्वतखोर बाबू के पकड़े जाने से जिले में सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार की परतें खुल रही हैं। इससे एक बात साफ होने लगी है कि लोगों के बिना लेन-देन कोई काम नहीं होने के आरोप लगाए आरोप बेनुनियाद नहीं है।

## पहले भी पकड़े गए हैं रिश्वतखोर

जिला मुख्यालय सहित जिले में रिश्वतखोर कर्मचारियों की धरपकड़ लगातार जारी है। लगभग 8 माह पहले जिलापंचायत का बाबू लोकायुक्त की कार्रवाई में सचिव से रिश्वत लेते पकड़ा गया था। उसके बाद तहसील का बाबू जमीन की नपती के बदले 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया था। अब कलेक्ट्रेट स्थित जिला कोषालय का बाबू पकड़ा गया है। जिले में भी लोकायुक्त की कार्रवाई कई बार हो चुकी हैं। बरेली तहसील का एक पटवारी नामांतरण के लिए रिश्वत लेते 5 माह पहले पकड़ा गया था। गैरतगंज, बेगमगंज में भी इस तरह की कार्रवाईयां बीते एक साल में हो चुकी हैं।

# मुख्यमंत्री आज 70 हजार शहरी हितग्राहियों को करायेंगे गृह प्रवेश

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक अगस्त को दोपहर 3 बजे हंसध्वनि सभागृह रवीन्द्र भवन भोपाल से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के एक लाख से अधिक हितग्राहियों को वर्चुअली हितलाभ वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में 70 हज़ार हितग्राहियों का गृह प्रवेश एवं 30 हज़ार से अधिक हितग्राहियों को 300 करोड़ रूपये की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान योजना का अनुभव और पक्का घर बनने के उपरांत उनके जीवन में आए परिवर्तनों को जानने के लिए लाभार्थियों से सीधा संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में दूरदर्शन मध्यप्रदेश, यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर एवं क्षेत्रीय चैनल्स के माध्यम से किया जाएगा। इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह उपस्थित रहेंगे।

कांग्रेस ने भाजपा की केंद्र सरकार पर बोला हमला

# दशकों से निर्मित अनुसंधान संस्थानों को सरकार कर रही नष्ट : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र सरकार पर तंज करते हुए कहा कि एम्स में अनुसंधान परियोजनाओं पर काम करने वाले वैज्ञानिकों के कार्यकाल को सीमित करने का उसका निर्णय इस बात का एक और उदाहरण है कि कैसे दशकों से बने एक अनुसंधान संस्थान को सूक्ष्म प्रबंधन की कोशिश की जा रही है और नष्ट किया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक ट्वीट में कहा कि यह इस बात का एक और उदाहरण है कि कैसे दशकों से निर्मित एक विश्व स्तरीय अनुसंधान संस्थान को मोदी सरकार द्वारा सूक्ष्म प्रबंधन और अंतत: नष्ट करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर संसदीय स्थायी समिति, जिसका मैं सदस्य था, ने अपनी स्वायत्तता और अनुसंधान क्षमता और क्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से अगस्त 2015 में एम्स की कार्यप्रणाली पर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसके बजाय, हम क्या हैं अब वे लोग गवाही दे रहे हैं, जो यह नहीं समझते कि विज्ञान और अनुसंधान निर्देश जारी करके कैसे किया जाता है। उन्होंने एक समाचार रिपोर्ट भी संलग्न की, इसमें दावा किया गया कि केंद्र ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अनुसंधान परियोजनाओं पर काम करने वाले वैज्ञानिकों के कार्यकाल पर छह साल की सीमा लगाने का आदेश दिया है। वहीं दूसरी ओर मणिपुर हिंसा को लेकर सरकार पर पलटवार करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक ट्वीट में कहा इंडिया (गठबंधन) की पार्टियां राज्यसभा में सभी कामकाज को निलंबित करने और मणिपुर पर प्रधानमंत्री का बयान और उसके बाद चर्चा की मांग कर रही हैं। राज्यसभा सांसद ने कहा मोदी सरकार इसका विरोध कर रही है और यह आभास देने की कोशिश कर रही है कि वह बहस के लिए तैयार है, जबकि प्रधानमंत्री के बयान पर कुछ नहीं कह रही है। जब भाजपा विपक्ष में थी, तो वह अक्सर (किसी भी मुद्दे पर) सदन को तब तक चलने नहीं देती थी जब तक तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह बयान नहीं दे देते थे, जो वह आमतौर पर करते थे।



इस बीच, संसद भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा हम मणिपुर मुद्दे पर विस्तृत चर्चा चाहते थे। हमारा प्रतिनिधिमंडल मणिपुर गया था। यह बहुत गंभीर मुद्दा है, प्रधानमंत्री क्यों नहीं आ सकते। हम सब मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार हैं।

नगरीय प्रशासन मंत्री से सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने की भेंट

# सफाई कामगारों को विनियमित करने नियमों में संशोधन का प्रस्ताव भेजें



**भोपाल, देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि सफाई कामगारों को विनियमित करने के लिये नियमों में संशोधन का प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा जायेगा। मंत्री श्री सिंह ने यह बात अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये ज्ञापन पर चर्चा के दौरान कही। इस दौरान आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भरत यादव और अपर आयुक्त डॉ. सतेन्द्र सिंह, अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मगन झांझोट और महामंत्री श्री सतीष बाबू चौहान एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि नगरीय निकायों में सफाई ठेका प्रथा समाप्त करने के संबंध में व्यापक विमर्श कर यथोचित नीति बनाई जाए। नगरीय निकायों के आदर्श कार्मिक संरचना में संशोधन का प्रस्ताव भी बनाया जाए। सफाई कामगारों को हर माह समय पर वेतन का भुगतान हो। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य खराब होने के कारण सफाई कर्मचारी के स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति उपरांत उन्हीं के परिवार के किसी सदस्य को योग्यतानुसार नियुक्ति देने के संबंध में नियमों में संशोधन का प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा जाएगा। नगरों के विस्तारीकरण एवं बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए सफाई कामगारों के पदों में भी वृद्धि जरूरी है।

# विश्व स्तनपान सप्ताह आज से

**भोपाल, देशबन्धु।** स्तनपान शिशुओं को आवश्यक पोषण प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका है। स्तनपान को प्रोत्साहित करने और दुनियाभर के शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए हर वर्ष एक से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। इस वर्ष सप्ताह की थीम एनेबलिंग ब्रेस्ट फीडिंग-मेकिंग ए डिफ्रेन्स फॉर वार्किंग पेरेन्टस है।

आयुक्त, महिला-बाल विकास डॉ. राम राव भोंसले ने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य शिशु और बाल स्वास्थ्य को बेहतर बनाए जाने के लिए जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू करना, छह माह केवल स्तनपान को बढ़ावा देना और उसके बाद बच्चे को पोषणयुक्त खान-पान उपलब्ध कराना है। इस वर्ष की थीम का मुख्य उद्देश्य कार्य-स्थल पर भी शिशु स्तनपान से वंचित न रहे और काम के साथ ही इसे एक अनिवार्य आवश्यकता मानते हुए पूरा करें। उन्होंने बताया कि किसी भी रोग से लड़ने की क्षमता यानि इम्यूनिटी पॉवर इस बात पर निर्भर करती है कि जन्म के समय बच्चे की देख-रेख किस तरह से हुई। जन्म के पहले घंटे में माँ का पहला गाढ़ा दूध शिशु के लिए प्रकृति का वरदान है। छ: महीने तक केवल माँ का दूध शिशु के लिए संपूर्ण आहार होता है, पानी पिलाने की जरूरत भी नहीं होती। इस संदेश को समाज के हर कोने तक फैलाने के लिए विभाग द्वारा कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

**वीडियो रील प्रतियोगिता :** शिशु को सफल स्तनपान-पुरूषों की भूमिका पर युवाओं को जागरूक करने वीडियो रील प्रतियोगिता की जायेगी। सर्वश्रेष्ठ तीन वीडियो रील को 5000 रूपये (प्रति) की राशि से पुरस्कृत किया जायेगा।

**केम्पस एम्बेस्डर :** प्रदेश के सभी कन्या महाविद्यालयों में विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान 4-4 विद्यार्थियों को केम्पस एम्बेसडर बनाकर विभिन्न गतिविधियाँ की जाएगी। इसके अलावा ऑगनवाड़ी स्तर पर आँगनवाड़ी कार्यकर्ता हितग्राहियों को आमंत्रित कर विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ करेंगी। जिन महिलाओं ने अपनी गर्भावस्था का पंजीकरण नहीं कराया है उनका पंजीयन किया जायेगा। नवविवाहिताओं को आँगनवाड़ी केन्द्रों पर आकर पोषण सत्रों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

# भाजपा नेताओं के घरों को नहीं घेर सकेगी टीएमसी

**कोलकाता, एजेंसी।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पांच अगस्त को राज्य भर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं के घरों का घेराव करने के पार्टी के प्रस्तावित विरोध कार्यक्रम पर रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि प्रतिवादियों और सभी संबंधित लोगों को पांच अगस्त को ऐसे किसी भी विरोध प्रदर्शन या घेराव या यातायात को अवरुद्ध करने और आम जनता को असुविधा पहुंचाने वाले कार्यक्रम से रोका जाता है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं याचिकाकर्ता सुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पांच अगस्त को सुबह से शाम तक भाजपा नेताओं के घरों का घेराव करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्तावित विरोध कार्यक्रम की घोषणा अभिषेक ने 21 जुलाई को शहीद दिवस कार्यक्रम के मंच से टीएमसी की अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उपस्थिति में की थी। सूत्रों ने बताया कि खंडपीठ ने प्रतिवादियों को अधिकारी की जनहित याचिका के खिलाफ अपने तर्क के समर्थन में 10 दिनों के भीतर हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया और कहा कि मामले की दो सप्ताह के बाद फिर से सुनवाई की जाएगी। अभिषेक ने टीएमसी समर्थकों से कहा कि वे उन भाजपा नेताओं के नामों की सूची तैयार करें जिनके घरों का शुक्रवार को घेराव किया जाएगा। उन्होंने विरोध के लिए कई केंद्रीय योजनाओं के तहत बंगाल को देय 1.15 लाख करोड़ रुपये रोकने के केंद्र के फैसले का हवाला दिया। टीएमसी के डायमंड हार्बर सांसद अभिषेक ने केंद्र द्वारा पश्चिम बंगाल को देय धनराशि जारी करने की मांग को लेकर सभी भाजपा नेताओं के घरों के घेराव का आह्वान किया था।

## अब नहीं होगा घेराव

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगननम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्पष्ट निर्देश दिया कि 5 अगस्त को कोई घेराव नहीं होगा। पीठ ने कहा कि आम जनता को असुविधा पहुंचाने वाले ऐसे किसी भी विरोध प्रदर्शन, घेराव या यातायात को अवरुद्ध करने से रोका जाता है। अदालत ने उत्तरदाताओं को सुवेंदु अधिकारी की जनहित याचिका के खिलाफ अपने तर्क के समर्थन में 10 दिनों के भीतर हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया और कहा कि मामले की दो सप्ताह के बाद फिर से सुनवाई की जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**पुलिस को मामला दर्ज करने....** कहा कि हमने यह कहा है कि इस मामले को मणिपुर से बाहर स्थानांतरित किया जाए। हमने कभी असम नहीं कहा। सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का कहना है कि अगर सुप्रीम कोर्ट मामले की निगरानी करेगा तो केंद्र को कोई आपत्ति नहीं है। वहीं, वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केंद्र की स्टेटस रिपोर्ट के मुताबिक, 595 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें से कितने यौन हिंसा से संबंधित हैं, और कितने आगजनी, हत्या से संबंधित हैं। इस पर कोई स्पष्टता नहीं है।

**हिंसा में शामिल लोगों का....** जीरो एफआईआर दर्ज की गई। जब कोर्ट ने संज्ञान लिया, तब कुछ हुआ। तो फिर हम कैसे भरोसा करें? ऐसी कई घटनाएं होंगी। इसलिए हम एक ऐसी एजेंसी चाहते हैं, जो मामले की जांच करने के लिए स्वतंत्र हो।

**संसद में मणिपुर में....** सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हालांकि इन सबके बावजूद प्रश्नकाल जारी रहा। इस दौरान 15 मिनट ही कार्यवाही चली और हंगामे के चलते बिड़ला ने 2 बजे तक सदन स्थगित कर दिया। 2 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर फिल्म पाइरेसी रोकने के लिए लाया गया सिनेमैटोग्राफ अमेंडमेंट बिल पास हो गया। ये बिल राज्यसभा में पहले ही पास हो गया था। इसके बाद हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

कांग्रेस ने कहा है कि मणिपुर को लेकर सरकार का रवैया देखकर लगता है कि उसे मणिपुर शब्द से ही नफरत हो गई है इसलिए वह इस बारे में कुछ सुनना और बोलना नहीं चाहती है लेकिन इंडिया गठबंधन की मांग है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मुद्दे पर संसद में जवाब दें तथा मणिपुर के लोगों से माफी मांगे। कांग्रेस महासचिव रणदीपसिंह सुरजेवाला ने सोमवार को संसद भवन परिसर में विपक्षी दलों के नेताओं के साथ पत्रकारों से कहा कि मोदी सरकार मणिपुर से प्रतिशोध ले रही है और संसद की मर्यादाओं को कुचल रही है। मोदी सरकार को मणिपुर शब्द से ही नफरत है, इसलिए वह संसद में मणिपुर पर चर्चा से भाग रही है। उन्होंने कहा, मणिपुर में खुद भाजपा के विधायक मान रहे हैं कि वहां मुख्यमंत्री के संरक्षण में हिंसा हो रही है और ऐसी सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए। प्रधानमंत्री जी को मणिपुर के लोगों से माफी मांगनी चाहिए और यह चर्चा करनी चाहिए कि वह मणिपुर के जख्मों पर कैसे मरहम लगाएंगे। मोदी सरकार पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर मणिपुर को लेकर चुप बैठ गई है। वहां कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है। संविधान का शासन कुचल दिया गया है।'

**मणिपुर से लौटे प्रतिनिधि मंडल....** राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में की जिसमें विपक्ष के सभी दलों के नेता शामिल हुए।

**मणिपुर पर चर्चा से डरा....** में खोट है और चर्चा के दौरान अपने काले कारनामे खुल जाने के डर के कारण वे मणिपुर पर चर्चा करने से भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष जब चाहे, सरकार चर्चा के लिए तैयार है। सदन का बहुमत सदन चलने के पक्ष में है लेकिन कुछ दल सदन को नहीं चलने दे रहे हैं जो कि निंदनीय है।

**एक वर्ष में 1 लाख सरकारी....** निर्भर है। आप पर ही जन-कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन भी निर्भर है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सहकारिता विभाग सामाजिक सरोकार से संबंधित महत्वपूर्ण विभाग है। विभाग ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों तक वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध कराकर लोगों के और प्रदेश के विकास में योगदान दे रहा है। श्रम विभाग श्रमिकों को काम का स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। विशेषकर असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों का शोषण नहीं हो, इस दृष्टि से सतर्क रहना आवश्यक है। आबकारी विभाग की दोहरी जिम्मेदारी है। नशे पर नियंत्रण और अवैध शराब की बिक्री न हो, इसके लिए सदैव चौकन्ना रहना विभाग के कर्मचारियों के लिए आवश्यक है। इस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी संकल्प लें कि अवैध गतिविधियों को संचालित नहीं होने देंगे और राज्य के राजस्व को सुरक्षित रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। नई आबकारी नीति में अहाते बंद करने का निर्णय लेकर उसका सफल क्रियान्वयन किया गया है। नशे पर नियंत्रण के लिए लोगों की मानसिकता में सुधार और जन-जागरूकता का कार्य भी करना होगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश, विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रति व्यक्ति आय जो वर्ष 2002-03 में 11 हजार रूपए हुआ करती थी, अब बढ़कर एक लाख 40 हजार रूपए हो गई है। जीएसडीपी 15 लाख करोड़ और प्रदेश का बजट 3 लाख 15 हजार करोड़ का है। सड़क, पानी, बिजली सहित संपूर्ण अधोसंरचना के क्षेत्र में बहुत सुधार हुआ है। साथ ही सामाजिक सरोकार रखने वाले विभागों में भी संवेदनशीलता के साथ गतिविधियाँ संचालित हैं।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।